हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 09.03.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 221 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# राष्ट्रपति के अपमान पर मोदी ने कहा- जल्द टूटेगा टीएमसी का सत्ता का अहंकार

एजेंसी





**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अपमान को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्ता का अहंकार बहुत ही जल्द चूर-चूर होकर रहेगा। जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान कर रहा है, तब वह दिल्ली और देशवासियों के साथ एक पीड़ा भी साझा करना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि शनिवार को राष्ट्रपति मुर्मु संथाल आदिवासी परंपरा के एक महत्वपूर्ण उत्सव में शामिल होने के लिए बंगाल गई थीं, लेकिन उस कार्यक्रम को सम्मान देने के बजाय टीएमसी सरकार ने उसका बहिष्कार किया और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को भी पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं संथाल आदिवासी समाज से आती हैं और उन्होंने हमेशा आदिवासी समाज के विकास और कल्याण की चिंता की है। ऐसे में उनके कार्यक्रम का बहिष्कार करना न केवल राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि आदिवासी समाज की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह केवल राष्ट्रपति का ही नहीं, बल्कि देश के संविधान और उसकी भावना का भी अपमान है। मोदी ने कहा कि यह लोकतंत्र की महान परंपराओं के विरुद्ध है और उन सभी महिलाओं का भी अपमान है, जिन्होंने संघर्ष और परिश्रम के बल पर समाज में ऊंचा स्थान हासिल किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की परंपरा और संस्कृति हर व्यक्ति और हर वर्ग के सम्मान की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि किसी भी पद पर बैठे व्यक्ति का अपमान करना देश की लोकतांत्रिक मयार्दाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा, हमारे यहां कहा गया है कि अहंकार में चूर व्यक्ति चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में उसका विनाश निश्चित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबी टीएमसी की राजनीति ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी। मोदी ने कहा कि वह देश की राजधानी से यह स्पष्ट कहना चाहते हैं कि एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान करने वाली टीएमसी की राजनीति और सत्ता का अहंकार बहुत जल्द टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जागरूक और प्रबुद्ध जनता इस घटना को कभी नहीं भूलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता टीएमसी को एक आदिवासी नारी और देश की राष्ट्रपति के अपमान के लिए कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि न केवल बंगाल बल्कि पूरा देश और देश का आदिवासी समाज भी इस घटना को लेकर आहत है। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति भी इस प्रकार के व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगी। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना भारतीय संस्कृति और सभ्यता का मूल आधार है और इसका उल्लंघन करने वालों को जनता का सामना करना ही पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज महिलाओं की उपलब्धियों पर गर्व कर रहा है और सरकार भी महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और उनकी भागीदारी भारत के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला है।

# फाइनल में आया भारतीय बैटर्स का बवंडर न्यूजीलैंड को दिया 256 रनों का लक्ष्य

एजेंसी




**नई दिल्ली :** आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड की टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन भारतीय ओपनर्स ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के धागे खोल दिए। पावरप्ले में ही अभिषेक शर्मा ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था। वहीं, भारतीय टीम ने 6 ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन बनाए। बाद में संजू सैमसन और ईशान किशन के बल्ले से अर्धशतक आए। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर में 24 रन बटोरे और कुल 255 रन 5 विकेट खोकर भारत ने बनाए। अब न्यूजीलैंड को 256 रनों का टारगेट मिला है। भारतीय टीम को संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरूआत दिलाई। संजू ने मैट हेनरी के पहले ओवर में छक्का लगाया। इस ओवर में सात रन बने। हालांकि, अगले 5 ओवर में 85 रन इस जोड़ी ने जोड़े और 92 रन बिना किसी नुकसान के भारत ने बनाए। अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन 21 गेंदों में 52 रन बनाकर वे आउट हो गए। हालांकि, भारत को तब तक दमदार शुरूआत मिल चुकी थी। संजू सैमसन ने 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो इस टी20 विश्व कप में उनका लगातार तीसरा अर्धशतक है। संजू फिर से 89 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन वे 54 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। सूर्या का खाता नहीं खुला और हार्दिक ने सिर्फ 18 रन बनाए। शिवम दुबे ने 8 गेंदों में 26 रन बनाए। हार्दिक पांड्या से उम्मीद थी कि वे बड़ी पारी इस खिताबी मैच में खेलें, लेकिन वे 13 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हो गए। इस तरह भारत को पांचवां झटका लगा। अभी भी 10 गेंदों का खेल बाकी है और शिवम दुबे क्रीज पर आए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी जेम्स नीशम ने आउट कर दिया। उनको रचिन रविंद्र के हाथों कैच आउट कराया। वे खाता नहीं खोल पाए। एक ही ओवर में तीन विकेट जेम्स नीशम को मिले और इससे मैच का रुख पलट गया। ईशान किशन के रूप में भारत को तीसरा झटका लगा, जब वे जेम्स नीशम की गेंद पर मार्क चैपमैन के हाथों कैच आउट गहुए। उन्होंने 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 25 गेंदों में 54 रन बनाए। संजू सैमसन फिर से शतक से चूक गए। उन्होंने 89 रनों की पारी फिर से खेली। सेमीफाइनल में भी इसी स्कोर पर वह आउट हुए थे। 5 चौके और 8 छक्के इस पारी में सैमसन ने जड़े। जेम्स नीशम ने उनको सब्स्टीट्यूट फील्डर कोल मैकोंची के हाथों कैच आउट कराया। ईशान किशन ने भी टी20 विश्व कप फाइनल में शतक जड़ दिया है।

## एक नजर

### तरुण के दोषियों पर रूह कंपा देने वाली कार्रवाई हो : स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली :** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने रविवार को दिल्ली के उत्तम नगर में मृतक तरुण के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि इस मामले के दोषियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे समाज में सख्त संदेश जाए। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली है। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि होली के दिन बेरहमी से दरिंदों ने उनके घर के बच्चे को मार डाला। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार न्याय की मांग कर रहा है और उन्हें इंसाफ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुब्बारे के कुछ छींटे लगने जैसी मामूली बात को धार्मिक मुद्दा बनाकर तरुण और उसके परिवार पर बेरहमी से हमला किया गया। स्वाति मालीवाल ने कहा कि न्याय की इस लड़ाई में वह पीड़ित परिवार के साथ अंतिम दम तक खड़ी रहेंगी और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी।

### 10 लाख की कोकीन के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तर-पश्चिम जिले की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कोकीन सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 11 ग्राम उच्च गुणवत्ता की कोकीन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। ड्रग्स की सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही एक स्कूटी भी जब्त की गई है। उत्तर-पश्चिम जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान अभिषेक अस्थाना (20) के रूप में हुई है। वह रोहिणी के विजय विहार फेज-1 का निवासी है। जांच में सामने आया है कि आरोपित ड्रग्स सप्लाई के एक सिंडिकेट से जुड़ा हुआ था।

# एनसीबी ने पैन इंडिया डार्कनेट ड्रग नेटवर्क टीम कल्कि का किया भंडाफोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में फैले डार्कनेट आधारित मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क टीम कल्कि का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में एलएसडी, एमडीएमए (एक्स्टेसी) गोलियां, लिक्विड एमडीएमए सहित कई नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। एनसीबी ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया कि यह नेटवर्क जनवरी 2025 से डार्कनेट प्लेटफॉर्म और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप सेशन के जरिए संचालित हो रहा था। पिछले तीन महीनों में प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर एनसीबी ने नई दिल्ली में अभियान चलाकर इस नेटवर्क का पदार्फाश किया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने 2,338 एलएसडी ब्लॉटर्स, 160 एमडीएमए (एक्स्टेसी) गोलियां जिनका वजन 77.517 ग्राम है, 73.612 ग्राम चरस, 3.642 ग्राम एम्फेटामाइन तथा 3.6 किलोग्राम लिक्विड एमडीएमए बरामद किया। यह बरामदगी 13 घरेलू पार्सलों और नीदरलैंड से आए दो पार्सलों से की गई, जो इस नेटवर्क से जुड़े थे। जांच में पता चला है कि डार्कनेट विक्रेता टीम कल्कि को अनुराग ठाकुर और उसका सहयोगी विकास राठी संचालित कर रहे थे। दोनों आरोपित आदतन अपराधी हैं और पहले भी नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं। विकास राठी को इससे पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दर्ज चरस तस्करी के मामले में तिहाड़ जेल में रखा गया था, जबकि अनुराग ठाकुर दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच द्वारा दर्ज मेथाम्फेटामाइन तस्करी मामले में जेल में था। दोनों एक ही समय तिहाड़ जेल में बंद थे, जहां उनकी पहचान हुई और बाद में उन्होंने मिलकर टीम कल्कि नाम से डार्कनेट ड्रग नेटवर्क शुरू किया। प्रारंभ में आरोपित डार्क वेब फोरम ड्रेड पर सक्रिय थे, जहां उनके विक्रेता खाते को चार-स्टार रेटिंग मिली हुई थी, जो बड़ी संख्या में सफल ऑर्डर पूरे होने का संकेत देती है। इसके बाद उन्होंने एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप सेशन के माध्यम से भी ऑर्डर लेने और आपूर्ति करने की व्यवस्था शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह नेटवर्क देशभर में फैला हुआ था और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के लिए अत्याधुनिक तरीकों का इस्तेमाल कर रहा था। आरोपितों द्वारा एलएसडी और एमडीएमए जैसे मादक पदार्थ नीदरलैंड, पोलैंड और जर्मनी में स्थित अंतरराष्ट्रीय डार्कनेट विक्रेताओं से मंगाए जाते थे।

# नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जेडीयू में हुए शामिल, संजय झा ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

एजेंसी



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने रविवार को औपचारिक रूप से जनता दल (यूनाइटेड)(जदयू) की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।जदयू में शामिल होने के बाद निशांत कुमार ने कहा, मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। बिहार और देश के लिए मेरे पिता ने पिछले 20 वर्षों में जो काम किया है, उस पर मुझे गर्व है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के राज्यसभा उम्मीदवार राम नाथ ठाकुर ने कहा कि निशांत कुमार का पार्टी में आना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि जदयू के कार्यकताओं और आम लोगों की इच्छा थी कि निशांत कुमार पार्टी में आएं और जनता की समस्याएं सुनें। वहीं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और जदयू विधायक रत्नेश सदा ने कहा कि निशांत कुमार बिहार का भविष्य हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अधूरे कार्यों को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। गौरतलब है कि नीतीश कुमार लंबे समय से अपने परिवार को राजनीति से दूर रखते आए हैं। ऐसे में उनके बेटे के राजनीति में प्रवेश को लेकर परिवारवाद के आरोप भी लग सकते हैं। हालांकि जदयू नेताओं का कहना है कि यह निर्णय नीतीश कुमार का व्यक्तिगत फैसला नहीं बल्कि पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और जनता की मांग का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से निशांत कुमार लगातार पार्टी विधायकों से मुलाकात कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर जदयू के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों से बातचीत की। इसके अलावा संजय झा के आवास पर भी कुछ युवा विधायकों के साथ बैठक की। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की देखरेख में निशांत कुमार की राजनीतिक प्रशिक्षण प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेज है कि आने वाले समय में उन्हें जदयू में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है और पार्टी में नए नेतृत्व की शुरूआत हो सकती है।

# यूएई पर ईरान का बड़ा हमला, दाग दीं 16 बैलिस्टिक मिसाइलें, 117 से ज्यादा ड्रोन से किया अटैक

एजेंसी



**तेहरान :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई ) का कहना है कि ईरान ने रविवार को नए हमलों में 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 से ज्यादा ड्रोन लॉन्च किए हैं। यूएई की डिफेंस मिनिस्ट्री का कहना है कि उसने सभी 16 मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर लिया, जबकि 17वीं मिसाइल समुद्र में गिर गई। उसका कहना है कि उसने ज्यादातर ड्रोन को इंटरसेप्ट कर लिया, लेकिन चार यूएई के इलाके में गिरे। मिनिस्ट्री ने कहा कि वह खतरों का मजबूती से सामना करने के लिए तैयार है। ईरान के प्रेसिडेंट ने रविवार को पहले धमकी दी थी कि इजरायल और अमेरिका के चल रहे हमलों के मद्देनजर वे पूरे इलाके में अमेरिका के ठिकानों पर हमले बढ़ा देंगे। अमीरात के बयान में रविवार के हमलों की जगहों के बारे में नहीं बताया गया। इस बीच, बहरीन ने रविवार को ईरान पर एक डीसेलिनेशन प्लांट पर हमला करने का आरोप लगाया, जिससे यह डर बढ़ गया है कि युद्ध में सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर भी निशाना बन सकता है, क्योंकि ईरान के राष्ट्रपति ने अमेरिका और इजरायल के तेज हवाई हमलों के बीच पूरे इलाके में अमेरिकी ठिकानों पर देश के हमलों को बढ़ाने की कसम खाई है। बहरीन ने कहा है कि एक ईरानी ड्रोन ने जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया। पिछले नौ दिनों से जारी युद्ध के दौरान यह पहली बार है, जब किसी अरब देश ने ईरान की ओर से जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाये जाने का दावा किया है। यह घटना तब हुई है, जब ईरानी अधिकारियों ने कहा था कि अमेरिका ने देश के दक्षिणी द्वीप केशम में ईरान के जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाया है। खाड़ी देशों में प्राकृतिक मीठे पानी के संसाधन अत्यंत सीमित हैं। इस कारण पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे ऊर्जा-गहन समुद्री जल विलवणीकरण पर निर्भर रहते हैं। वॉशिंगटन डीसी के अरब सेंटर' के प्रकाशित शोध पत्र के अनुसार, ये संयंत्र कितने महत्वपूर्ण हैं, इसे समझने के लिए यहां कुछ आंकड़े दिए गये हैं- खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देश वैश्विक जल शुद्धीकरण क्षमता का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं और इस पूरे क्षेत्र में 400 से अधिक शुद्धीकरण संयंत्रों के माध्यम से दुनिया के कुल विलवणीकृत जल का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं। अधिकतर जीसीसी देश पानी की जरूरतों के लिए इन संयंत्रों पर निर्भर हैं। संयुक्त अरब अमीरात के पीने के पानी का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा शुद्धीकरण संयंत्र से आता है, जबकि कुवैत में यह 90 प्रतिशत, ओमान में 86 प्रतिशत और सऊदी अरब में 70 प्रतिशत है।

## मिडिल ईस्ट जंग के बीच ताइवान स्ट्रेट में हलचल, नया मोर्चा खोलने की तैयारी में चीन

**नई दिल्ली :** मिडिल ईस्ट में इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच ताबड़तोड़ हमले और पलटवार का दौर जारी है। इस बीच एशिया से ऐसी खबर सामने आई, जिस कारण टेंशन बढ़ गई है। दरअसल, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) अलर्ट जारी करते हुए बताया कि ताइवान के आसपास 7 चीनी पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) विमान देखे गए। साथ ही 7 चीनी नौसैनिक जहाज भी क्षेत्रीय जलक्षेत्र में मौजूद पाए गए। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ताइवान के आसपास 7 पीएलए विमान और 7 पीएलएएन (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी) जहाज आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक डिटेक्ट किए गए। आरओसी (रिपब्लिक ऑफ चाइना) सशस्त्र बलों ने स्थिति पर पूरी नजर रखी और उचित जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि इस दौरान ताइवान के एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में कोई चीनी फाइटर प्लेन घुसपैठ नहीं कर सका। इससे एक दिन पहले शनिवार को भी ताइवान ने चीनी गतिविधियों की सूचना दी थी।

# प्रदेश की बेटियों को अब किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की नारी शक्ति को पत्र लिख कर उनके योगदान का महत्व बताया है। उन्होंने कहा कि सशक्त समाज निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा, आत्मनिर्भरता के प्रति दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महिलाओं के साथ अपराध आम बात थी। आज प्रदेश में बेटियां सुरक्षित हैं। स्पष्ट नीति और साफ नीयत से यह संभव हुआ है। योगी ने नारी शक्ति को सम्बोधित पत्र में लिखा कि मिशन शक्ति, एंटी रोमियो अभियानों ने अपराधियों के मन में डर पैदा किया। जहां बेटियां सुरक्षित और सम्मानित होती हैं, वहां समाज सतत प्रगति करता है। आज छात्राओं के ड्रॉपआउट रेट, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व आई गिरावट आई है। शिक्षा से रोजगार तक बेटियों को समान अवसर मिल रहा है। यूपी की नारी शक्ति आज स्वावलंबन का नया अध्याय रच रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसी सखी, लक्ष्मी दीदी, ड्रोन दीदी, स्वास्थ्य सखी, सूर्य सखी परिवार के साथ प्रदेश को सशक्त कर रही हैं। नारी का सम्मान समस्त समाज के लिए सर्वोपरि हो। मां एवं मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में लिखा है कि प्रदेश की बेटियों को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। सरकार बेटियों के सपनों की उड़ान को पंख दे रही है।

## एक नजर

### पारहो पंचायत में जलमीनार बंद होने से लोग परेशान



**कोडरमा** : डोमचांच प्रखंड अंतर्गत पारहो पंचायत में पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत क्षेत्र के बाजार रोड, जामताड़ा रोड तथा अंबेडकर मोहल्ला के पास स्थित जलमीनार लंबे समय से खराब होने के कारण लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य सह समाजसेवी दिनेश यादव बताया कि प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान करे ताकि गर्मी में लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके अंबेडकर मोहल्ला में बजरंगबली मंदिर के पास लगाया गया सोलर सिस्टम जलमीनार करीब एक वर्ष से खराब पड़ा है। इसके कारण मोहल्ले के लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार बंद रहने से उन्हें दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है।

### कन्हैया मिष्ठान में फिर इनकम टैक्स की छापेमारी



**कोडरमा** : झूमरी तिलैया में आयकर विभाग ने एक बार फिर से धमक दे दी है। आयकर विभाग द्वारा झुमरी तिलैया के प्रतिष्ठित मिठाई दुकान कन्हैया कन्फेक्शनर में आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार धनबाद से आई आयकर विभाग की टीम ने झुमरीतिलैया के झंडा चौक स्थित कन्हैया कन्फेक्शनर में जरूरी दस्तावेजों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग द्वारा प्रतिष्ठान के खरीद बिक्री संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि कहीं प्रतिष्ठान के द्वारा आय की घोटालेबाजी तो नहीं की जा रही। इस दौरान प्रतिष्ठान में ग्राहकों व किसी भी अन्य व्यक्ति के अंदर प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है।

### सांसद मनीष जायसवाल का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया



**रामगढ़** : रामगढ़ में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल का जन्मदिन रविवार को उत्साह और उमंग के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद के प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। रविवार शाम जैसे ही सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ के माइंस एंड रेस्क्यू स्टेशन स्थित सांसद सेवा कार्यालय पहुंचे, वहां पहले से मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए और गाजे-बाजे के साथ जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में सांसद ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गायक आजम ने अपने गीतों से माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। गीत-संगीत के बीच मौजूद कार्यकर्ता और समर्थक खुशी से झूमते नजर आए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, महिलाओं को स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

# महिलाएं अपने जीवन में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाते हुए स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से "नंदनी कार्यक्रम" चलाने का उपायुक्त ऋतुराज द्वारा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि महिलाएं अपने जीवन में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। जिला प्रशासन महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विकास के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर को और अधिक प्रभावी एवं विकसित बनाने के लिए प्रति माह आयोजित विधि-व्यवस्था की बैठक के साथ इसकी भी नियमित समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपविकास आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर तरह का सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं आर्थिक रूप से उतनी सशक्त नहीं थीं, लेकिन अब महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने जलसहिया दीदियों की सराहना करते हुए कहा कि वे ग्राम स्तर पर घर-घर जाकर पेयजल की समस्याओं को दूर करने तथा स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही वे जिला प्रशासन और समुदाय के बीच एक मजबूत कड़ी का कार्य करती हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जलसहिया दीदियों, मैया सम्मान योजना के लाभुकों एवं अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रही महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अनुज, डीपीएम जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन, जिला समन्वयक सुमन कुमारी व अन्य मौजूद रहे।




### सैनिक स्कूल तिलैया डैम में विश्व महिला दिवस का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : सैनिक स्कूल तिलैया डैम में आज विश्व महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ऋतुराज मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान सैनिक स्कूल परिसर में बालिका कैडेट के लिए उन्हें अध्ययन, विश्राम एवं अन्य गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके, जैसी सुविधा शुरू की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि बालिकाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सैनिक स्कूल में बालिका कैडेट के लिए इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुशासन के माध्यम से बेटियां भी देश सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## केटीपीएस मनोरंजन क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की धूम: महिला सफाई कर्मियों का हुआ विशेष सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : डीवीसी केटीपीएस परिसर स्थित मनोरंजन क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में टाउनशिप की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नारी शक्ति का उत्सव मनाया। इस अवसर पर समाज के प्रति समर्पित सेवाभाव को रेखांकित करते हुए टाउनशिप की महिला सफाई कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में फुलवा देवी, गीता देवी, सरिता देवी एवं प्यारी देवी शामिल थीं। उन्हें पुरस्कार प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

समारोह के दौरान उपस्थित महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। गीतों और नृत्य के माध्यम से महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा माहौल जीवंत और उल्लासमय हो गया।

"महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के समान": क्लब सचिव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोरंजन क्लब के सचिव ने सभी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा:

"आज महिलाएं देश सेवा और समाज निर्माण में अटूट शक्ति और समर्पण के साथ योगदान दे रही हैं।




## पतंजलि महिला योग समिति ने मनाया महिला दिवस, योग से सशक्त समाज का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : पतंजलि हरिद्वार के तत्वाधान में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ व सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सुमन जायसवाल और डॉक्टर किरण उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कार्यकारिणी सदस्य कलावती ने की, जबकि संचालन कंचन लता वर्णवाल ने किया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्त होना समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं और पूरे परिवार के संस्कार, स्वास्थ्य और विकास की जिम्मेदारी काफी हद तक उनके कंधों पर होती है। यदि महिलाएं शिक्षित, संस्कारवान और स्वस्थ होंगी तो परिवार के साथ-साथ पूरा समाज भी मजबूत और प्रगतिशील बनेगा।विशिष्ट अतिथि सुमन जायसवाल ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने का माध्यम है। उन्होंने महिलाओं से नियमित योग अपनाने और अपने परिवार को भी योग से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी चंद्रलता वर्णवाल ने कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य हर घर की महिलाओं को योग से जोड़ना और स्वस्थ समाज की दिशा में प्रेरित करना है। योग जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की प्रेरणा देता है।



## मजदूर समस्याओं को लेकर 13 मार्च से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा** : इंटक से संबद्ध राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की बैठक भदानीनगर स्थित कोल कंपनी परिसर में आयोजित की गई। बैठक में उरीमारी परियोजना क्षेत्र में श्रमिकों के कथित शोषण, खान दुर्घटना में मृत कर्मियों के परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने में हो रही देरी सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही इन मांगों को लेकर 13 मार्च से बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिक तथा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह रामगढ़ जिलाध्यक्ष हृदयानंद यादव उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि उरीमारी परियोजना में निजी खनन कंपनी के माध्यम से काम करने वाले श्रमिकों का लगातार शोषण हो रहा है। खान दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले मजदूरों के परिजनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मुआवजा और रोजगार नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा श्रमिकों को मिलने वाले वेतन और अन्य सुविधाओं से जुड़े नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं को लेकर प्रबंधन को पहले भी दो बार ज्ञापन देकर ध्यान आकृष्ट कराया गया था। मजदूरों की ओर से खान दुर्घटना में मृतक के परिवार को एक माह के भीतर मुआवजा, वेतन पैकेज और आश्रित को नौकरी देने की मांग उठाई गई थी। इसके बावजूद निर्धारित समय के भीतर प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। मजदूरों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किए जाने के कारण अब आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया गया है।



## मासूम की मौत के बाद भी नहीं थमा अवैध बालू का खेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के सिरका, अरगड्डा और बुंडू घाटों से अवैध बालू खनन और ढुलाई का सिलसिला लगातार जारी है। चिंताजनक बात यह है कि नई सराय के पास बालू ढोने वाले वाहन की चपेट में आकर एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत के बाद भी इस अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक नहीं लग पाई है। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था, लेकिन इसके बावजूद हालात में कोई खास बदलाव नजर नहीं आ रहा है। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए जिला उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया था। टीम ने समय-समय पर छापेमारी कर अवैध बालू लदे वाहनों को जब्त भी किया, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कार्रवाइयों का असर लंबे समय तक नहीं दिखता। ग्रामीणों के अनुसार सिरका, बुंडू और अरगड्डा घाटों से प्रतिदिन लगभग 20 से 25 ट्रैक्टरों के जरिए अवैध बालू की ढुलाई की जा रही है। रात के समय और ग्रामीण संपर्क मार्गों का उपयोग कर यह कारोबार बेखौफ तरीके से जारी रहता है, जिससे यह धारणा बन रही है कि बालू माफिया प्रशासन पर भारी पड़ रहे हैं। मासूम बच्ची की मौत के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच भारी आक्रोश देखने को मिला था। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोडेड और तेज रफ्तार ट्रैक्टर सड़कों पर लगातार दौड़ते रहते हैं, जिससे आम लोगों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों की जान खतरे में पड़ रही है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित कर सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा** : जिंदल स्टील एंड पावर बलकुदरा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में कंपनी से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया और महिला सशक्तिकरण, शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर प्रमुख कुमार राहुल ने की, जबकि संचालन शोम्याश्री जेना ने किया। कार्यक्रम में प्लांट प्रमुख केबी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर केबी सिंह ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनती हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के संदेशों को भी साझा किया गया। बताया गया कि महिलाओं का विकास ही परिवार और समाज के वास्तविक विकास की नींव है। जिंदल फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और रोजगार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इस दौरान जिंदल स्टील के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया गया। बताया गया कि उनके मार्गदर्शन में जिंदल स्टील और जिंदल फाउंडेशन की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए कई सामाजिक पहलें संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम के अंत में महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूकता संदेश दिया गया और सभी उपस्थित महिलाओं ने समाज में समानता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। मौके पर महाप्रबंधक संतोष कुमार, मिनु सिंह, रुपेश कुमार, आरडी शर्मा, सुभाष शरण, डॉ संजीव द्विवेदी सहित कंपनी के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।




## संक्षिप्त खबरें

### एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला



**कोडरमा** : देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कोडरमा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने इस मूल्य वृद्धि पर तीखा हमला बोलते हुए इसे 'जनविरोधी' कदम करार दिया। मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि आधी रात से गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये की बढ़ोतरी करना आम जनता की जेब पर सीधा डाका डालने जैसा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पहले से ही भीषण महंगाई की मार झेल रहे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए अब रसोई चलाना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। चुनावी वादों और हकीकत पर सवाल प्रकाश रजक ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा: मोदी सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर आम लोगों की कमर तोड़ रही है। चुनाव के समय जनता से लोकलुभावन वादे किए गए थे, लेकिन हकीकत यह है कि आज खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर रसोई गैस तक, सब कुछ आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। आंदोलन की चेतावनीकांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लिया जाए ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने बढ़ती महंगाई पर लगाम नहीं लगाई, तो कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी और जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

### एक बार फिर हाथियों का आतंक, मरकच्चो पंचायत के भगवतीडीह गांव मे एक हाथी ने मचाया उत्पात




**मरकच्चो** : प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर हाथियों का आतंक बेरहवा जंगल से सटे गांवों में शुरू हो गया है। हाथियों के झुण्ड से बिछड़ा हुआ एक हाथी रविवार की सुबह मरकच्चो दक्षिणी पंचायत के भगवतीडीह पंहुच कर जम कर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथी ने भगवतीडीह के आँगनबाड़ी केंद्र संख्या 25 में लगे पोषण वाटिका का जाली तोड़ उसे नष्ट कर दिया। हाथी ने जूठन सिँह की बॉउंड्री व दिलीप तिवारी का दरवाजा भी तोड़ दिया। साथ ही बीना सिंह के खेत में लगे प्याज के फसल को भी रोंद दिया। रविशंकर तिवारी के दो पेड़ो को भी नष्ट करते हुए दो ड्राम को भी तोड़ दिया। हाथी ने नितिन चंद्र गुप्ता की बागवानी तथा मनोज यादव के बंद पड़े पोल्ट्री फॉर्म को भी नुकसान पंहुचाया है। ग्रामीणों ने लुक व पटाखे जलाकर उत्पात कर रहे हाथी को बेरहवा जंगल की ओर खदेड़ा। उक्त हाथी अभी भी बेरहवा जंगल में अपना बसेरा बनाये हुए है। बेरहवा जंगल से सटे गांवो के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल हाथियों के द्वारा गांवो में आकर फसलों को नष्ट कर दिया जाता है जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। हाथियों के उत्पात के चलते किसानों का खेती से मोह भंग होने लगा है।

### जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने किया कलश यात्रा एकादशी व्रत का उद्घाटन



**जयनगर** : प्रखंड के पंचायत घरौंजा ग्राम मुशौवा मे श्री श्री 108 एकादशी व्रत उद्यापन सह भागवत ज्ञान यज्ञ आचार्य पंडितों के द्वारा यज्ञा आचार्य कथा वाचक दिगंबर शास्त्री, संरक्षक संदीप कुमार पांडे यज्ञ पुरोहित मोहित पांडे वैदिक शिव शंकर पांडे त्रिपुरारी पांडे सतीश पांडे विधिवत मंत्र उच्चारण के तत्पश्चात कलश यात्रा का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने फीता काटकर किया। 101 कलश महिलाएं माथे पर लेकर गाजे बजे बजे के साथ हाथों में भगवान ध्वज लेकर जय माता दी जय श्री राम जय भोलेनाथ जय अयोध्या नगरी जयकारे लगाते हुए चौक पर स्थित मां दुर्गा श्री गणेश मंदिर परिक्रमा करते हुए नगर भ्रमण करते हुए परसाबाद बाजार होकर उत्तर वाहिनी बडानो नदी यज्ञ के लिए जल भरने पहुंचे। यज्ञकर्ता मसोमात जानकी देवी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि हमारे यहां यज्ञ में सभी जनप्रतिनिधि आचार्य पंडित उपस्थित हुए अतिथियों को माला पहनकर स्वागत सत्कार सम्मानित किया गया उपस्थित जिला परिषद केदारनाथ यादव पूर्व मुखिया हित नारायण चौधरी, इमामुद्दीन खान पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर राणा पूर्व मुखिया अजय यादव पूर्व मुखिया भोला यादव युवा नेता मनोज चौधरी संजय गुप्ता सुरेंद्र चौधरी विष्णु चौधरी वार्ड सदस्य, शिव शंकर यादव सरजू यादव राजेंद्र यादव उपेंद्र यादव काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### महिलाओं के सशक्त होने से ही समाज का विकास : रोशन लाल चौधरी




**पतरातू** : पीटीपीएस क्षेत्र के हेसला में महिला विकास एवं कल्याण समिति की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण पर चर्चा की गई तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महिला शक्ति का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोशन लाल चौधरी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और देश के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना बेहद आवश्यक है। यदि महिलाएं मजबूत और आत्मनिर्भर होंगी, तभी समाज और देश सही मायनों में आगे बढ़ सकेगा। इस अवसर पर डॉ. रेखा चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति का प्रतीक है और समाज में उसका स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है और हमें हमेशा महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अस्तित्व और क्षमता को पहचानें तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विकास एवं कल्याण समिति की सचिव सरिता ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज मजबूत होगा। वर्तमान समय में महिलाएं शिक्षा, रोजगार, राजनीति, खेल और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद समिति की ओर से सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### घाघ नाला का पुल जर्जर, नए पुल निर्माण की उठी मांग



**जलडेगा :** ओड़गा मुख्य पथ पर स्थित घाघ नाला का पुल जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। ग्रामीणों की मांग के बावजूद अब तक पुराने पुल के स्थान पर नए पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि इस पुल पर पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वर्तमान में पुल की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। पुल के कई हिस्सों में दरारें पड़ गई हैं और कुछ स्थानों पर पुल दब भी गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है, क्योंकि नाला का पानी अक्सर पुल के ऊपर से बहने लगता है, जिससे आवागमन में भारी कठिनाई होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना एवं कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अमर तोपनो ने कहा कि जलडेगा से ओड़गा होते हुए उड़ीसा जाने का यह एकमात्र प्रमुख मार्ग है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से नए पुल के निर्माण की मांग की जाती रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

### धर्मप्रान्तीय काथलिक महिला संघ के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की



**सिमडेगा :** सामटोली महागिरजाघर में धर्मप्रान्तीय काथलिक महिला संघ के 32वें वार्षिक अधिवेशन 2026 के अंतिम दिन में कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की हुए शामिल। करीब 13 हजार की संख्या में जिले से उपस्थित माताओं को सामाजिक संदेश देते हुए कहा कि आज हमारे अस्तित्व और अस्मिता दोनों की लड़ाई चरम पर है और हम सो रहे। जमीनों को गैर आदिवासियों को थोड़े से पैसे ले लोभ में गैरकानूनी तरीके से लूटने दे रहे और उसी की कानूनी लड़ाई लड़ते उम्र गुजर जा रही। लेकिन जमीन वापस नही हो पा रहा। जिसके सामने आएं और लड़ाई के लिए कमर कस कर तैयार रहें। साथ ही दिलीप ने कहा कि हमारे समुदाय की लड़कियों को सिर्फ उनके नाम से उठळ की जमीन और आरक्षित क्षेत्र से चुनाव लड़वाने के लिए उनको छल से फंसाया जा रहा और लोग लोभ लालच में फंस भी रहे और हमारी बहन बेटीयों के जरिया CNT का भेदिया बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा। इसको सारी माताओं को घर के बेटियों को लगाम लगाना होगा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुंगाधाम में आज वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**बानो :** प्रखंड क्षेत्र के केतुंगाधाम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा 9 मार्च 2026 से प्रारंभ होने जा रही है। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और अनुशासित वातावरण में संपन्न कराने के लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुकरा केरकेट्टा ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए कक्षाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, कक्ष निरीक्षण और समयबद्ध परीक्षा संचालन को ध्यान में रखते हुए सभी आचार्यों उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। साथ ही विद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# महिला दिवस पर कौशल विकास व महिला अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत संचालित सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के प्रशिक्षण भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, उनके सम्मान तथा कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, डीएलएसए की सचिव सुश्री मरियम हेमरोम, जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव सहित अन्य अतिथियों एवं छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज पूरे विश्व में महिलाओं की शक्ति, उनके योगदान और उनके सशक्तिकरण का उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी समाज और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इतिहास की ओर देखने पर स्पष्ट होता है कि महिलाओं का कौशल और सृजनात्मकता से बहुत पुराना संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में वर्णित चौंसठ कलाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि कला और कौशल का विकास सदियों से महिलाओं के माध्यम से होता रहा है। भोजन बनाना, सिलाई-कढ़ाई, बुनाई, वस्त्र निर्माण जैसी अनेक कलाएँ महिलाओं ने ही विकसित कीं और पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया। आज यही कौशल महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता, रोजगार और सम्मान का आधार बन रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि आज के आधुनिक समय में भी हमें अपनी पारंपरिक कला और कौशल की विरासत को संजोकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन से जुड़े कुछ मूलभूत कौशल, जैसे भोजन बनाना या घरेलू प्रबंधन, हर बच्चे को सीखना चाहिए चाहे वह लड़का हो या लड़की। क्योंकि जीवन में कई बार ऐसे अवसर आते हैं जब ये कौशल आत्मनिर्भर बनने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज डिजिटल माध्यमों, विशेषकर यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी लोग नई-नई चीजें सीख सकते हैं, लेकिन पारंपरिक ज्ञान और कौशल को भी समान महत्व देना आवश्यक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएलएसए की सचिव सुश्री मरियम हेमरोम ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पूरे वर्ष और हर दिन महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बिना समाज की कल्पना अधूरी है।

## न्यायिक पदाधिकारियों ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण, बंदियों से जाना हाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निताशा बारला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने रविवार को मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल के विभिन्न बैरकों का जायजा लिया और वहां रह रहे बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में सीजेएम और सचिव ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, भोजन, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल के रसोईघर का भी निरीक्षण कर बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने भोजन की तैयारी की प्रक्रिया, रसोईघर की स्वच्छता तथा खाद्य सामग्री के भंडारण की व्यवस्था को भी देखा। अधिकारियों ने जेल परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की स्थिति, पेयजल व्यवस्था तथा बंदियों को मिलने वाली अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि जिन बंदियों को कानूनी सहायता की आवश्यकता है,वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। सीजेएम निताशा बारला ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि बंदियों को सरकार द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं तथा स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए।

## कपाली ओपी पुलिस की बड़ी कार्रवाई फरार आरोपी सुशांतो कर्मकार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चांडिल :** कपाली ओपी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए लंबे समय से वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। कपाली ओपी प्रभारी धिरंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने थाना कांड संख्या 155/25 से जुड़े मामले में आरोपी सुशांतो कर्मकार (27 वर्ष) को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार यह मामला 19 सितंबर 2025 को दर्ज किया गया था जिसमें भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ आबकारी अधिनियम और आर्म्स एक्ट की धाराएं भी लगाई गई थीं। गिरफ्तार आरोपी सुशांतो कर्मकार मानगो के जवाहर नगर, रोड नंबर 15, पूर्वी सिंहभूम का रहने वाला है। कपाली ओपी पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में आरोपी को पकड़कर विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया। ओपी प्रभारी धिरंजन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि अपराध में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## कुरडेग के माइकल किंडो स्टेडियम में विराट हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** जिले के कुरडेग स्थित माइकल किंडो स्टेडियम में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना तथा धर्म, संस्कृति और प्राचीन सभ्यता को बचाए रखने के लिए जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जशपुर के राजकुमार विक्रमादित्य सिंह जूदेव, विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजय कुमार जी, संतोष जी तथा उमाकांत महाराज सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की चित्र पर पुष्प अर्पित एवं सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ पारंपरिक विधि से की गई, जिसके बाद मंच से विभिन्न वक्ताओं ने लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि इस प्रकार का सम्मेलन हिन्दू समाज की एकता और जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि हम सभी अपनी धर्म संस्कृति और परंपराओं को बचाने के लिए संगठित होकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि समाज को कमजोर करने और उसकी परंपराओं पर प्रहार करने के लिए कई प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं,उन्होंने कहा हमारा गांव की रूढ़िवादी परम्परा रीति रिवाज ही धर्म समाज की पहचान है। इसलिए हमें जागरूक रहकर इसका रूढ़िवादी प्रथा को समाप्त करने का प्रयास करने वाले का विरोध करना चाहिए। हम नदी, पर्वत, सूर्य पेड़ पौधे की पूजा करने है यही सनातन की पहचान है।उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही और कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने एक आदर्श पुत्र, पति और राजा के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में आदर्शों का पालन करना चाहिए। उन्होंने माता शबरी के जीवन चरित्र का उल्लेख करते हुए सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने और समाज में समरसता स्थापित करने का संदेश दिया। वहीं जशपुर के राजकुमार विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू समाज सदैव से संस्कारी और सहिष्णु रहा है तथा सभी धर्मों का सम्मान करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** प्रखंड क्षेत्र के गौरांगकोचा क्लस्टर में झारखंड स्वयं सहायता समूह के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, बीपीएम मनोहर टोप्पो, एफटीसी नरेश कुमार सीआईएफ अकाउंटेंट प्रभा कुजूर आईपीआरपी विनीता महतो उपस्थित हुए। महिला समूह के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का बैच लगाकर एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया साथी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का केक काटा गया। सीएफएल अध्यक्ष गुरुवार मांझी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। पीएलवी तुष्ट रानी मंडल ने महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की भागीदारी, लिंग समानता के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी महिला समूह के दीदियों के द्वारा अभीर गुलाल खेलकर महिला दिवस को यादगार बनाया गया। वही ईचागढ़ प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत गौरांगकोचा टोला रांगाडीह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरायकेला के सचिव के निदेर्शानुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीएलवी गंगा सागर पाल के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्री पाल ने कहा कि समाज मे लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूक करने और महिलाओं को समान अधिकार, शिक्षा और अवसर सुनिश्चित करना है। डालसा महिलाओं को मुफ़्त कानूनी सहायता, परामर्श और महिला पैनल वकीलों के माध्यम से अदालती कार्यवाही में प्रतिनिधित्व प्रदान करता है इसके तहत घरेलू हिंसा, भरण -पोषण, तलाक, संपत्ति विवाद और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में निःशुल्क वकील, कोर्ट फीस और दस्तावेजी करने में सहायता मिलती है तथा आपसी सुलह के माध्यम से विवादों का जल्द निस्तारण किया जाता है जो कि ये महिलाओं के लिए निःशुल्क है।

### महिला दिवस पर प्रिंस चौक स्थित एक्सेल डाटा कौशल प्रशिक्षण केंद्र में कार्यक्रम आयोजित

# महिला सशक्तिकरण के लिए कौशल और शिक्षा जरूरी : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में प्रिंस चौक स्थित एक्सेल डाटा कौशल प्रशिक्षण केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त कंचन सिंह उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निताशा बारला, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित कई अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और कौशल विकास के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि उपायुक्त कंचन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें और अपने परिवार तथा समाज को आगे बढ़ाने में योगदान दें।मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निताशा बारला ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के अन्याय या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं कानून का सहारा ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे हर परिस्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और आवश्यकता पड़ने पर प्राधिकार से सहायता प्राप्त करें। जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा ने महिलाओं के लिए उपलब्ध रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को महिला अधिकार, कानूनी प्रावधान और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### केरसई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 पिकअप व स्विफ्ट कार जब्त, 19 गोवंशीय पशु बरामद, तस्कर फरार



**केरसई :** थाना क्षेत्र के चौराटांड़ में केरसई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोवंशीय पशुओं की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। केरसई थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 19 गोवंशीय पशुओं को जब्त कर लिया। मौके से पुलिस ने दो पिकअप वाहन भी जब्त किए हैं, जिनमें पशुओं को भरकर ले जाया जा रहा था। इसके अलावा तस्करों द्वारा उपयोग की जा रही एक स्विफ्ट कार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। हालांकि पुलिस की कार्रवाई के दौरान तस्कर मौके से फरार होने में सफल हो गए। थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने बताया कि फरार तस्करों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि केरसई थाना क्षेत्र में अवैध धंधे, जुआ, शराब और पशु तस्करी किसी भी हाल में नहीं होने दी जाएगी। ऐसे मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा जब्त किए गए सभी गोवंशीय पशुओं को सुरक्षित रखा गया है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। मौके पर ए एस आई अवधेश कुमार सहित पुलिस दल मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर टूटीकेल गांव में महिलाओं का किया गया सम्मान



**कोलेबिरा :** प्रखंड के टूटीकेल गांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की एक भव्य सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके आगमन पर उपस्थित महिलाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि महिलाओं का सशक्त और आत्मनिर्भर होना ही समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय और समाज सेवा जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। जरूरत है कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने महिलाओं को संगठित होकर समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया तथा उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ उठाकर महिलाएं अपने जीवन को और बेहतर बना सकती हैं। इस अवसर पर गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई और महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए। पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा।

### कोलेबिरा विधानसभा का चहुंमुखी विकास हो ये मेरा सपना है : बिक्सल कोनगाड़ी



**कोलेबिरा :** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टीटांगर प्रखण्ड के टुकूपानी पंचायत के गुड़गुड़टोली में माननीय विधायक के अनुशंसा पर जिला योजना मद से एन आर ई पी विभाग द्वारा पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका शिलान्यास विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने फीता काट कर किया। लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारा सर्व प्रथम प्रयास रहता है कि हमारे क्षेत्र के लोगों को सड़क पानी बिजली स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति हो। क्योंकि आवागमन के लिए सड़क का होना अति आवश्यक है,जब सड़क होगी तो हमारे बच्चे बुढ़े सभी को आने-जाने में सहूलियत होगी। मैं आप लोगों का विधायक के साथ साथ आपका सेवक हूं। क्योंकि आपने मुझे कुछ उम्मीदें लगा कर जीताने का काम किया है। इसलिए मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं आपके सुख दुख का सार्थी बनूं। वैसे मैं चाहता हूं कि सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र में सभी कार्य एक साथ हो जाता तो अच्छा होता, परन्तु सरकार का कुछ नियम कानून व्यवस्था है, जिसके जरिए कार्यों का निष्पादन किया जाता है इस लिए समय लगता है। किन्तु मेरा प्रयास रहेगा कि सभी बिंदुओं पर काम हो, और होगा भी, धैर्य रखें। शिलान्यास कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### भाजपा नेता धनंजय पुटूस के 32वें जनता दरबार में सुनी गईं लोगों की समस्याएं



**रामगढ़ :** रामगढ़ प्रखंड के समीप स्थित आरबीएसएस कार्यालय में रविवार को भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस द्वारा आयोजित 32वां जनता दरबार संपन्न हुआ। इस दौरान रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और संबंधित आवेदन सौंपे। जनता दरबार में लोगों ने जमीन विवाद, राशन कार्ड में गड़बड़ी, बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी परेशानियां, बिजली आपूर्ति, पेयजल संकट, पेंशन योजना तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं को उठाया। कई ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलने और विभागीय प्रक्रियाओं में हो रही देरी की भी जानकारी दी। जनता दरबार में पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को धनंजय कुमार पुटूस ने ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना उनकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को अपनी बात सीधे रखने का अवसर मिल सके।

# विश्व में अशांति का ठेका और नोबल शांति पुरस्कार की इच्छा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद,सनक और हठधर्मी ने इस समय लगभग पूरी दुनिया को एक खतरनाक युद्ध में झोंक दिया है। अमेरिका व इस्त्राईल द्वारा अकारण ईरान पर थोपा गया एक ऐसा युद्ध जिसके अंजाम को लेकर विश्व के बड़े बड़े सामरिक विशेषज्ञ भी कोई भविष्यवाणी कर पाने में असमर्थ हैं। ईरान, इस्त्राईल और अमेरिका के बीच चल रहे इस युद्ध की लपटें फिलहाल मध्य पूर्व से भी आगे तक फैल चुकी हैं। लगभग 20 से अधिक देश इस युद्ध से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुके हैं। गत 28 फरवरी से शुरू हुये इस युद्ध में अब तक हजारों निर्दोष लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप जहाँ ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई को खो दिया है वहीं युद्ध छिड़ने के पहले ही दिन यानी 28 फरवरी की सुबह को ही ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में अमेरिका और इस्त्राईल ने शाजारे तैय्यबह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर उस वक़्त हमला किया जब बच्चियां अपने अपने क्लास में पढ़ रही थीं। इस हमले में 175 तक छात्राएं मारी गयीं जिनमें अधिकांश की उम्र 7-12 साल की थी। स्कूल का दो मंजिला भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर थोपा गया यह युद्ध किसी न किसी रूप में कुवैत इराक, बहरीन, सऊदी अरब, यूएई, ओमान, कतर, जॉर्डन, तुर्की, अजरबैजान, साइप्रस व यमन तक पहुँच गया है। यहाँ तक कि भारत - श्रीलंका के समुद्रीय क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने समुद्री हमला कर भारत में अतिथि के रूप में आये ईरान के एक नेवल जहाज को डुबो दिया है। अमेरिका- इस्त्राईल की इन सैन्य कार्रवाइयों से जहाँ पूरे विश्व की ऊर्जा जरूरतों के प्रभावित होने की संभावना है वहीं बढ़ते तेल संकट और विभिन्न हवाई क्षेत्र बंद होने से भी इस युद्ध का वैश्विक प्रभाव पड़ा है। पूरे विश्व में दिनोंदिन फैलती जा रही इस अशांति के सबसे बड़े जिम्मेदार केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनकी हठधर्मिता उनकी सनक व जिद को माना जा रहा है। जी हाँ, यह वही ट्रंप हैं जो अपने आप को 'स्वयंभू विश्व शांति दूत ' समझते हैं और विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समझा जाने वाला नोबल शांति पुरस्कार पाने हेतु हमेशा लालायित नजर आते रहे हैं। उन्होंने समय समय पर न केवल नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा कई बार सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए हैं। वे स्वयं को इस पुरस्कार के योग्य समझते हुये कहते भी रहे है कि ₹मैं इसका हकदार हूं₹ क ट्रंप ने तो 2017-2021 के अपने पहले कार्यकाल से ही नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जतानी शुरू कर दी थी। जोकि उनका दूसरा कार्यकाल आते आते 2025 में और अधिक तीव्र हो गई। अपने इस दावे के पक्ष में वे अपने शासनकाल की अमेरिकी विदेश नीति के फैसलों को पेश किया करते थे। हालांकि ट्रंप कई अवसरों पर यह भी कह चुके हैं कि वे नोबल शांति पुरस्कार के हकदार तो जरूर हैं परन्तु उन्हें लगता है कि इस पुरस्कार का निर्णय करने वाली नॉर्वेजियन नोबल कमेटी यह पुरस्कार उन्हें कभी नहीं देगी। जबकि 2025 में तो ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सभा में यह कहा था कि हर कोई कहता है कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए। हद तो यह है कि ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिये इस तरह की बातें कीं यहाँ तक कि अपने असहज करने वाले बयानों से नोबल कमेटी पर इसके लिये दबाव बढ़ाने की कोशिश की जो नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में इसके पहले किसी भी दावेदार द्वारा नहीं की गयी। उदाहरण के तौर पर एक बार उन्होंने अमेरिकी सैनिकों से बातचीत के दौरान कहा कि ₹वे (नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी) इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ नहीं किया, लेकिन मुझे नहीं देंगे, जबकि मैं इसके योग्य हूं।₹ इसके अलावा ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग जोकि पूर्व नाटो प्रमुख भी हैं, को फोन कर यह पुरस्कार हासिल करने के लिए लॉबिंग की।

## सूडोकु नवताल- 7728

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7727 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# अमेरिका के सामने झुक गया भारत ! आरोप और वैश्विक हकीकत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी




भारतीय राजनीति में आरोपों की कमी कभी नहीं रहती। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु जब आरोप तथ्यों और वैश्विक वास्तविकताओं से कटकर राजनीतिक बयान बन जाते हैं तब वे स्वभाविक तौर पर अपनी गंभीरता खो देते हैं। हाल के दिनों में कांग्रेस की ओर से यह आरोप लगाया गया कि भारत की सरकार अमेरिका के सामने झुक गई है, ठीक वैसा ही है।

वस्तुतः यह आरोप सुनने में भले ही तेज और आक्रामक लगे, पर यदि इसे वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और दुनिया की वास्तविक परिस्थितियों की रोशनी में देखा जाए तो यह लगभग खोखला और निराधार प्रतीत होता है। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि दुनिया की शक्ति संरचना कैसी है। आज भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में कुछ ही देश ऐसे हैं जिनका प्रभाव राजनीति, अर्थव्यवस्था, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूप से दिखाई देता है। अमेरिका उन देशों में सबसे प्रमुख है। उसकी अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, उसकी तकनीकी कंपनियां वैश्विक नवाचार की दिशा तय करती हैं और उसकी सैन्य शक्ति का प्रभाव अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यही कारण है कि दुनिया भर के देश उसके साथ सहयोग और साझेदारी की कोशिश करते हैं। किसी देश की वास्तविक ताकत का सबसे बड़ा संकेत यह नहीं होता कि उसके बारे में राजनीतिक भाषणों में क्या कहा जा रहा है, वस्तुतः यह होता है कि दुनिया के लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। यदि हम इस कसौटी पर अमेरिका को देखें तो एक सच्चाई साफ नजर आती है। दुनिया भर के करोड़ों लोग आज भी अमेरिका को अवसरों की भूमि मानते हैं। भारत, चीन, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के कई देशों से लाखों लोग हर साल अमेरिका में पढ़ने, काम करने और बसने का सपना देखते हैं। यदि वैश्विक शक्ति के अन्य आयामों पर नजर डालें तो अमेरिका की बढ़त कई क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई देती है। तकनीकी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियां वहीं से निकली हैं और सिलिकॉन वैली आज भी नवाचार का प्रमुख केंद्र मानी जाती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी कई शीर्ष विश्वविद्यालय अमेरिका में स्थित हैं और यही कारण है कि दुनिया भर के छात्र वहां उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं। अर्थव्यवस्था के स्तर पर अमेरिकी डॉलर अभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय व्यवस्था में सबसे प्रभावशाली मुद्रा बना हुआ है।

इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी गंतव्य बना हुआ है और वहां प्रवासी मूल के लोगों की संख्या करोड़ों में है। यह केवल कानूनी रास्तों तक सीमित नहीं है। अमेरिका मेक्सिको सीमा पर हर साल हजारों लोग अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। कठिन रेगिस्तानी रास्ते, नदियों का जोखिम और सख्त सीमा सुरक्षा के बावजूद लोग उस दिशा में बढ़ते रहते हैं। कई बार यह प्रयास दुखद घटनाओं में बदल जाता है और कुछ लोग अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। इसके बावजूद अमेरिका जाने का सपना खत्म नहीं होता। यह एक कठोर किंतु स्पष्ट सच्चाई है कि यदि कोई देश इतना महत्वहीन या कमजोर होता तब भला क्यों लोग अपनी जिंदगी को खतरे में डालकर वहां पहुंचने की कोशिश करते?

अमेरिका की ताकत उसकी सेना या अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। उसकी सबसे बड़ी शक्ति उसकी संस्थाएं हैं। वहां का संविधान, न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों की व्यवस्था दुनिया में मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे का उदाहरण मानी जाती है। इसी का एक ताजा उदाहरण जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को लेकर चल रही बहस है। अमेरिका में कई धार्मिक संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय से अपील की है कि जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को सीमित नहीं किया जाना चाहिए। इस प्रयास में हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। इस संगठन ने सत्तावन धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में एक मित्र याचिका दायर की है। यह याचिका ट्रंप बनाम बारबरा नामक मामले में दी गई है जो इस समय न्यायालय में विचाराधीन है।

यह विवाद उस समय सामने आया जब दो हजार पच्चीस की शुरूआत में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से जन्मसिद्ध नागरिकता को सीमित करने का प्रयास किया। अमेरिका के संविधान के चौदहवें संशोधन में स्पष्ट रूप से लिखा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने वाला हर व्यक्ति नागरिक माना जाएगा। यही प्रावधान अमेरिकी लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों में से एक है और इसी कारण इस विषय पर व्यापक बहस चल रही है।

इस बहस में एक दिलचस्प पहलू यह भी सामने आया है कि हिन्दू समुदाय ने अपने तर्क यहां सिर्फ संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर ही सिद्ध करने के प्रयास नहीं किए हैं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर भी रखे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन का कहना है कि हिंदू परंपरा पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की शिक्षा देती है। यह विचार महा उपनिषद में व्यक्त वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत में मिलता है, जिसका अर्थ है कि उदार विचार वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार होती है। संकीर्ण सोच वाले लोग किसी को अपना और किसी को पराया मानते हैं लेकिन उदार विचार वाले लोगों के लिए पूरी दुनिया एक परिवार होती है।

इसी प्रकार तैत्तिरीय उपनिषद में अतिथि देवो भव का संदेश दिया गया है, जिसमें अतिथि को देवता के समान सम्मान देने की बात कही गई है। कहा गया है कि अतिथि को देवता के समान मानकर उसका सम्मान करना चाहिए। यह उल्लेख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दशार्ता है कि भारतीय सभ्यता के विचार और मूल्य आज भी दुनिया के दूसरे हिस्सों में बसे भारतीय समुदाय के जीवन और सोच का हिस्सा हैं। फाउंडेशन ने यह भी कहा कि जन्मसिद्ध नागरिकता अमेरिका में धार्मिक विविधता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इन सभी तथ्यों के बीच भारत और अमेरिका के संबंधों को समझना भी जरूरी है। यह संबंध किसी एक सरकार या किसी एक राजनीतिक दल की देन नहीं हैं। पिछले कई दशकों से भारत की विदेश नीति में अमेरिका के साथ सहयोग एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है। दो हजार आठ का भारत-अमेरिका असैनिक परमाणु समझौता इसका एक प्रमुख उदाहरण है। इसके बाद साल 2014 में मोदी सरकार आने के बाद से लगातार रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ता गया है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार का स्तर भी तेजी से बढ़ा है और यह आंकड़ा सैकड़ों अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।

यहां भारतीयों के लिए समझने के लिए बहुत कुछ है, वस्तुतः कूटनीति का मूल सिद्धांत ही यही है कि कोई देश अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां बनाते हैं। इसमें भावनात्मक नारेबाजी का कोई औचित्य नहीं है बल्कि व्यावहारिक सोच की आवश्यकता होती है। इसी दृष्टि से देखें तो भारत का अमेरिका के साथ सहयोग वर्तमान की कोई कमजोरी नहीं है, यह तो एक सोचा-समझा निर्णय है। यही कारण है कि कांग्रेस का यह आरोप कि भारत-अमेरिका के सामने झुक गया है, वास्तविकता से बहुत दूर दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हर देश अपने हितों को ध्यान में रखकर फैसले करता है। अभी आपको जो दिख रहा है, इसे आप केंद्र सरकार की व्यावहारिक कूटनीति का हिस्सा कह सकते हैं।

# अंधविश्वास पर विश्वास

हृदयनारायण दीक्षित

अमेरिका सारी दुनिया को पंथनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाता रहता है लेकिन ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल संघर्ष के संदर्भ में एक विचित्र प्रवृत्ति सामने आ रही है। इस युद्ध को कुछ लोग सीधे धार्मिक भविष्यवाणियों और अंधविश्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार जोनाथन लार्सन द्वारा अमेरिकी सेना के भीतर मजहबी कट्टरवाद और सैनिक अधिकारियों द्वारा बाइबिल की भविष्यवाणियों के प्रयोग का प्रश्न उठाया गया है। मिलिट्री रिलिजियस फ्रीडम फाउंडेशन को ऐसी 110 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें 30 से ज्यादा सैनिक ठिकानों और 40 इकाइयों से जुड़ी हैं। कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग भी कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती है। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं। लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबिल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्ज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारम्भ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया। एक एनसीओ ने लिखा है कि कमांडर को नेताओं ने सैनिकों तक यह संदेश पहुँचाने के लिए कहा कि यह युद्ध ईश्वर की दिव्य योजना का हिस्सा है। उन्होंने बाइबिल के ह्यबुक ऑफ रेवलेशन का संदर्भ देते हुए आर्मगेडन और यीशु की वापसी से जुड़े प्रसंग दोहराए हैं।

युद्ध प्रत्यक्ष मानवीय कार्यवाही है। परिस्थितियों के कारण ही युद्ध जैसे कर्म संभव होते हैं। भू-सामरिक कारण युद्ध को बढ़ाते या घटाते हैं। युद्ध में ईश्वर को घसीटना उचित नहीं है। युद्ध और बर्बरता ईश्वर की योजना का परिणाम नहीं होते। शिकायत करने वाले एनसीओ ने ठीक चेतावनी दी है कि ऐसे अंधविश्वासी वक्तव्य उचित नहीं होते। ऐसे वक्तव्य साहस और एकजुटता को नष्ट करते हैं। संविधान की रक्षा की शपथ का उल्लंघन भी करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना में मजहबी कट्टरवाद और बाइबिल की भविष्यवाणियों के प्रयोग पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। बाइबिल में अंत समय और आर्मगेडन की भविष्यवाणियों का उल्लेख है। आर्मगेडन शब्द बाइबिल की बुक ऑफ रेवलेशन में आया है। यह धारणा अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले अंतिम युद्ध से जुड़ी है। अनेक ईसाई मानते हैं कि आर्मगेडन का युद्ध ईसा मसीह की पृथ्वी पर दूसरी वापसी का संकेत होगा, जब वे बुराई को पराजित कर शांति स्थापित करेंगे। कुछ व्याख्याओं में वर्तमान युद्ध और अशांति को भी ईश्वर की योजना का हिस्सा माना जाता है, ताकि भविष्यवाणी पूरी हो सके। सैनिकों की चिंता यह है कि कुछ कमांडर इन धार्मिक संदर्भों का उपयोग युद्ध को पवित्र या अनिवार्य सिद्ध करने के लिए कर रहे हैं। यह सैन्य अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है।

इतिहास में तथ्य है कि जब-जब युद्ध को धर्म का आवरण मिला है, तब-तब उसका स्वरूप अधिक क्रूर और बर्बर हुआ है। मध्यकालीन यूरोप के धर्मयुद्ध इसका उदाहरण हैं। धर्म के नाम पर लड़े गए युद्धों में लाखों लोग मारे गए, नगर उजड़ गए। सभ्यताओं को भी गहरी चोट पहुंची। युद्ध की ज्वाला जब धार्मिक आवेश से जुड़ जाती है तो विवेक का स्थान उन्माद ले लेता है। आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा इसी अनुभव से विकसित हुई। आधुनिक लोकतंत्रों ने राज्य और धर्म को अलग रखने की व्यवस्था बनाई कि युद्ध जैसे निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लिए जाने चाहिए। अंधविश्वास के आधार पर लिए गए निर्णय उचित नहीं होते। अमेरिका स्वयं को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का अग्रदूत मानता है। उसकी सेना संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेती है, किसी धर्मग्रंथ के प्रति नहीं। इसलिए अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रचार या कट्टरता को लेकर उठ रही शिकायतें चिंताजनक हैं। पश्चिम एशिया की राजनीति में प्रयुक्त भाषा पर भी विचार आवश्यक है। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक टिप्पणी आई कि ह्ययहूदियों ने बहुत बड़ी गलती कर दी।ह्व यह कथन भी मजहबी है। यह गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। किसी राज्य की नीति या कार्रवाई की आलोचना एक बात है लेकिन उसे किसी पूरे धार्मिक समुदाय से जोड़ देना दूसरी बात है। उचित यह होता कि कथन इस प्रकार होता कि ह्यइजराइल ने बहुत बड़ी गलती कर दी।ह्व अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भाषा का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की नीति की आलोचना और किसी धार्मिक समुदाय के प्रति आरोप में स्पष्ट भेद होते हैं। युद्ध का निर्णय अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामरिक निर्णय होता है। इसके पीछे कूटनीति, रणनीति, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय समीकरण जैसे अनेक तत्व महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक भविष्यवाणियों को निर्णायक मानने से विवेकपूर्ण निर्णय प्रक्रिया विकृत हो जाती है। सैनिकों का मनोबल भी प्रभावित होता है। सैनिक किसी धर्मयुद्ध के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र की रक्षा के लिए लड़ते हैं। आधुनिक विश्व पहले ही अनेक मजहबी पंथिक संघर्षों से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया इसका बड़ा उदाहरण है। यदि महाशक्तियों की सेनाओं में भी धार्मिक कट्टरता का प्रभाव बढ़ने लगे तो अंतरराष्ट्रीय शांति और अधिक संकट में पड़ सकती है। इसलिए अमेरिकी समाज और सेना के भीतर उठ रहे ये प्रश्न केवल आंतरिक अनुशासन का मामला नहीं हैं बल्कि वैश्विक चिंता का विषय भी हैं। युद्ध के समय संयम और विवेक की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सैनिक नेतृत्व का दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थों को एकजुट रखे, उनके भीतर पेशेवर अनुशासन और राष्ट्र निष्ठा की भावना मजबूत करे। नेतृत्व को पंथिक व्याख्याओं से युद्ध को पवित्र बताने से बचना चाहिए। यह सैन्य व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है। युद्ध मानवीय विफलता का प्रतीक है। किसी दिव्य योजना का परिणाम नहीं। सह अस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान के मार्ग हैं। युद्ध को ईश्वर की योजना बताने से हिंसा के लिए एक नया नैतिक औचित्य तैयार होगा। यह मानवता के लिए घातक है। युद्ध और पंथिक विश्वास के बीच स्पष्ट दूरी आवश्यक है। सैन्य संस्थाओं को अपने मूल पंथनिरपेक्ष अनुशासन को कठोरता से लागू करना चाहिए।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पंच परिवर्तन कार्यक्रम और सामाजिक परिवर्तन

प्रहलाद सबनानी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। यदि हम इन सौ वर्षों की यात्रा पर दृष्टि डालें तो स्पष्ट दिखाई देता है कि संघ के स्वयंसेवकों ने समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय योगदान दिया है। विचार, संगठन और कार्य के स्तर पर संघ ने निरंतर समाज जीवन को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया है। प्रारम्भ में सीमित दायरे में प्रारंभ हुआ संघ का कार्य समय के साथ व्यापक और बहुआयामी होता गया। समाज की बदलती आवश्यकताओं को समझते हुए स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हुए और समाज परिवर्तन के वाहक बने। संघ के मूल उद्देश्य के अनुरूप देश में हिंदुत्व के जागरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस जागरण का प्रभाव समाज के विभिन्न वर्गों में दिखाई देने लगा है। जाति, वर्ग, भाषा या क्षेत्र के आधार पर जो भेदभाव लंबे समय से समाज में मौजूद थे, उनमें धीरे-धीरे कमी आ रही है। अनेक राष्ट्रीय और सांस्कृतिक अवसरों पर हिंदू समाज की एकता और संगठन की भावना स्पष्ट रूप से सामने आई है। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन, अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा तथा कुंभ जैसे विशाल आयोजनों ने समाज की एकता और आस्था को नई ऊर्जा दी है। इन अवसरों पर पूरे देश से आए लोगों की सहभागिता ने यह सिद्ध किया है कि भारतीय समाज में संगठन और आत्मविश्वास की शक्ति कितनी प्रबल है। संघ की 100 वर्षों की यात्रा केवल इतिहास की उपलब्धियों का वर्णन नहीं है बल्कि यह भविष्य के लिए एक प्रेरक संकल्प भी है। आज समाज में जो सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं, वे लंबे समय से किए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम हैं। हिंदुत्व और भारतीय परम्पराओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। एक समय ऐसा भी था जब सार्वजनिक जीवन में हिंदू समाज की कमियों को ही अधिक उजागर किया जाता था, जिससे समाज के अनेक लोग अपनी परंपराओं और मूल्यों को सही रूप में समझ नहीं पाए। परंतु अब परिस्थितियाँ बदल रही हैं। लोग अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं पर गर्व अनुभव करने लगे हैं। आज अनेक परिवारों में अपने बच्चों के नामकरण से लेकर विवाह संस्कार तक भारतीय परंपराओं का पुनः सम्मानपूर्वक पालन किया जा रहा है। घर-परिवार में धार्मिक और सांस्कृतिक परम्पराओं को महत्व दिया जाने लगा है। इस परिवर्तन का उद्देश्य केवल परंपराओं का पालन करना नहीं है, बल्कि एक सच्चरित्र, संस्कारित और जिम्मेदार पीढ़ी का निर्माण करना है। ऐसी पीढ़ी ही समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर सकती है और परिवार तथा समाज में सुख-शांति की स्थापना कर सकती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में एक विशेष पहल की है, जिसे ह्यपंच परिवर्तनह्व कार्यक्रम कहा गया है। इस कार्यक्रम का आह्वान संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा किया गया है। इसका उद्देश्य समाज में ऐसे पाँच महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूकता और व्यवहारिक परिवर्तन लाना है, जिनसे राष्ट्र जीवन को नई दिशा मिल सके।

पंच परिवर्तन कार्यक्रम के पाँच प्रमुख आयाम हैं- नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजगता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, स्वदेशी भावना और स्वावलंबन का विकास, कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों का सुदृढ़ीकरण, सामाजिक समरसता की स्थापना।इन पाँचों आयामों का उद्देश्य केवल विचार प्रस्तुत करना नहीं है बल्कि इन्हें जीवन में व्यवहार के रूप में अपनाना है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बन सकेगा। नागरिकों को कानून व्यवस्था का पालन करते हुए समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना होगा। कुटुंब प्रबोधन इस कार्यक्रम का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है। परिवार समाज की सबसे छोटी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। यदि परिवार में संस्कार, संवाद और संवेदनशीलता का वातावरण होगा तो समाज स्वतः स्वस्थ और सुदृढ़ बनेगा। इसके लिए यह आवश्यक है कि परिवार के सदस्य समय निकाल कर एक साथ बैठें, संवाद करें और अपने बच्चों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा दें। सप्ताह में कम से कम एक बार परिवार में धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन तथा बच्चों के साथ महापुरुषों के जीवन पर चर्चा जैसी छोटी-छोटी पहलें समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। इसी प्रकार सामाजिक समरसता भी पंच परिवर्तन का प्रमुख लक्ष्य है। समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव राष्ट्र की एकता को कमजोर करता है। मंदिर, पानी और श्मशान जैसे विषयों में यदि कहीं भी भेदभाव की भावना शेष है, तो उसे समाप्त करना समाज का दायित्व है। सभी वर्गों के लोगों के साथ आत्मीयता और सम्मान का व्यवहार करना ही समरस समाज की आधारशिला है। त्यौहारों और सामाजिक अवसरों पर विभिन्न समुदायों के लोग एक-दूसरे के घर जाएँ, एक साथ बैठें और परस्पर सम्मान का भाव रखें, यही सामाजिक एकता का वास्तविक स्वरूप है। पर्यावरण संरक्षण भी आज के समय की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना मानव जीवन के लिए अनिवार्य है। जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाना और प्लास्टिक के उपयोग को कम करना जैसे छोटे-छोटे कदम पर्यावरण की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यदि प्रत्येक परिवार यह संकल्प ले कि पानी का अपव्यय नहीं होगा, घर-आंगन में वृक्ष लगाए जाएंगे और सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग कम किया जाएगा, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है।

## दैनिक पंचांग

9 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.36 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 08.06 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.46 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.44 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.58 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.14 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.26 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.37 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.51 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.07 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.13 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.59 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 68 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 23.28 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 16.12 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 07.36 बजे को समाप्त।
**करण** गर 10.17 बजे तदनन्तर वणिज 23.28 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 35'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872643
**जूलियन दिन** 2461108.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 19
**विशेष** एकनाथ छठ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### महिला दिवस पर महिला-किशोरी पंचायत परिचर्चा बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का आह्वान

कोडरमा : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा एवं एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन झ्र जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के संयुक्त तत्वावधान में डोमचांच ब्लॉक के कुण्डीधनवार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा बाल विवाह के विरुद्ध चल रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के समापन अवसर पर महिला एवं किशोरी पंचायत परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ,अधिवक्ता सुमन जायसवाल, अंशु यामनी ,बाल विवाह मुक्त कोडरमा जिले की ब्रांड एम्बेसडर राधा पांडेय तथा आ. वा कोडरमा के जिला समन्वयक मनोज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। परिचर्चा में उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं की उपस्थिति यह दशार्ती है कि महिलाएं अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार महिलाओं और बच्चों से जुड़े हर मुद्दे के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। महिलाओं और किशोरियों की सक्रिय भागीदारी से ही कोडरमा को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। अधिवक्ता सुमन जायसवाल एवं अंशु यामनी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और बेहतर समाज के निर्माण के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। बेटियों की शिक्षा के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर पहल करनी होगी। आज महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। यदि उन्हें शिक्षा और अवसर दिए जाएं, तो वे स्वयं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर सकती हैं।

### रसोई गैस बुकिंग नियम में बदलाव, अब 25 दिन बाद ही मिलेगा अगला सिलेंडर

झुमरी तिलैया : ईरान-इजराइल युद्ध के बीच दुनियाभर में ईंधन की अनिश्चितता को देखते हुए रसोई गैस सिलेंडर भराने के नियमों में बदलाव किया गया है। अब घरेलू रसोई गैस सिलेंडर बुकिंग पर 25 दिन का अंतराल लागू होगा। अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद ही उपभोक्ता अगला सिलेंडर बुक कर सकेंगे। घरेलू उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरत पूरी करने के लिए यह नई व्यवस्था लागू की गई है, ताकि सभी उपभोक्ताओं तक समान आपूर्ति सुनिश्चित किया जा सके। हालात सामान्य होने तक 25 दिनों के बुकिंग का यह नियम अस्थायी रूप से लागू किया गया है। बताते चले कि अस्थिर वैश्विक हालात को देखते हुए घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव कर 15 से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। यानी अब सिलिंडर की आपूर्ति के बीच 25 दिन का अंतर होगा।

# गायत्री शक्तिपीठ में मनाया गया महिला दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ज़िला प्रशासन साहिबगंज एवं पलाश के संयुक्त तत्वावधान में “गिव टू गेन” थीम पर सिद्धू कान्हु सभागार, साहिबगंज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदियाँ, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता तथा समाज में उनकी बढ़ती भूमिका को सम्मान देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना केवल एक सामाजिक दायित्व ही नहीं बल्कि एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को उचित अवसर, संसाधन और सहयोग मिलता है तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने ह्लगिव तो गेनह्व थीम की व्याख्या करते हुए कहा कि यदि हम समाज में महिलाओं को अवसर और सहयोग देंगे तो निश्चित रूप से समाज को उससे कई गुना अधिक सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। उप विकास आयुक्त ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ आर्थिक गतिविधियों, स्वरोजगार, कृषि आधारित उद्यम, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण तथा विभिन्न सामाजिक अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन समूहों के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने परिवार के साथ-साथ समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड राज्य में पलाश के माध्यम से महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके तहत महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आय के स्थायी स्रोत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता तथा बाजार से जोड़ने की दिशा में भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास तथा सामुदायिक नेतृत्व को बढ़ावा देने से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन समूहों के माध्यम से महिलाएं बचत की आदत विकसित कर रही हैं और छोटे-छोटे उद्यमों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। ज़िला प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कृषि, पशुपालन, उद्यान, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई, हस्तशिल्प, डेयरी तथा अन्य आजीविका गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए लगातार प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को और मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सामाजिक रूप से भी मजबूत बनाया जा सकता है। इसके लिए ज़िला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है और आने वाले समय में और भी कई पहल की जाएंगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडर एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राजमहल स्टेशन पर संदिग्ध हालत में मिली नाबालिग, आरपीएफ ने बाल संरक्षण संस्था को सौंपा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मानव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार सुबह राजमहल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान स्टेशन परिसर से एक नाबालिग लड़की को संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया, जिसे बाद में बाल संरक्षण संस्था को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार आरपीएफ के एसआई एल.बी. मांझी एवं कांस्टेबल परवीन कुमार स्टेशन परिसर में गश्त कर रहे थे। गश्ती के दौरान बुकिंग ऑफिस के पास एक नाबालिग लड़की संदिग्ध स्थिति में खड़ी दिखाई दी। संदेह होने पर आरपीएफ टीम ने उसे रोककर पूछताछ की, लेकिन प्रारंभ में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। बाद में समझाने पर लड़की ने बताया कि वह पुरानी साहिबगंज की रहने वाली है और अपनी नानी के घर रह रही थी। उसने बताया कि उसके मामा और मामी के बीच अक्सर झगड़ा होता था, जिससे परेशान होकर वह बिना किसी को बताए घर से भाग आई और दूसरे राज्य में काम करने के उद्देश्य से निकल पड़ी थी। लड़की की स्थिति को देखते हुए आरपीएफ ने उसे सुरक्षा के लिहाज से अपने संरक्षण में लेते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया। मामले की सूचना बाल संरक्षण संस्था ह्लबाल संरक्षण मंथनह्व राजमहल को दी गई।

# सिविल सर्जन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सिविल सर्जन, साहिबगंज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उधवा का निरीक्षण किया गया। उक्त स्वास्थ्य केंद्र को हाल ही में नव-निर्मित भवन में स्थानांतरित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकार, उधवा की उपस्थिति में अस्पताल परिसर का विस्तृत जायजा लिया गया। इस क्रम में अस्पताल में स्थापित विभिन्न विभागों, ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष, दवा वितरण केंद्र सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था का अवलोकन किया गया। साथ ही मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा दवा की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। सिविल सर्जन द्वारा अस्पताल में सभी स्वास्थ्य सेवाओं को सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से संचालित करने तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत सिविल सर्जन द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल, राजमहल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति देखा गया तथा अस्पताल में संचालित विभिन्न विभागों का जायजा लिया गया। सिविल सर्जन ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों के उपचार की व्यवस्था, साफ-सफाई की स्थिति तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का अवलोकन किया। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। सरकार द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि पारा लीगल वॉलिंटियर्स-न्याय मित्रों द्वारा गांव-गांव में जाकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा से संबंधित कानूनों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि नारी अब अबला नहीं, बल्कि सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर शक्ति है, जो अपने अधिकारों को जानकर समाज और परिवार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, संपत्ति में महिलाओं के अधिकार, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा तथा निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधा के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही पीड़ित महिलाओं को मिलने वाले मुआवजा, सहायता एवं न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहेबगंज के कार्यालय का संपर्क नंबर 9471521725 भी साझा किया गया, ताकि जरूरतमंद लोग सीधे संपर्क कर सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पाकुड़ में आकांक्षा परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले में आयोजित की जा रही आकांक्षा परीक्षा 2026 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार और जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती ने पीएम श्री हरिणडांगा 10+2 विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले में आकांक्षा परीक्षा का आयोजन चार केंद्रों – पीएम श्री हरिणडांगा उच्च विद्यालय, जीदातो मिशन स्कूल, रानी ज्योतिर्मय उच्च विद्यालय तथा मध्य विद्यालय, धनुषपूजा में किया गया। आकांक्षा परीक्षा 2026 में परीक्षार्थियों की कुल संख्या 1188 रही, जिनमें से 821 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 367 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा कक्षों, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता, अनुशासन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सुनिश्चित किया जाए।उपायुक्त ने कहा कि आकांक्षा परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए बेहतर एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर भी विशेष बल दिया। उपायुक्त ने आगे कहा कि आकांक्षा परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को रांची में रहकर मेडिकल, सीएलएटी एवं इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्चस्तरीय तैयारी का अवसर प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।

## पाकुड़ में महिला दिवस पर हर पंचायत में विशेष महिला ग्राम सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की पहल पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में “विशेष महिला ग्राम सभा - सह - सम्मान समारोहह्व का व्यापक आयोजन किया गया। यह पहल पंचायत स्तर पर महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और ग्रामीण शासन में उनकी नेतृत्व भूमिका को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित इस विशेष महिला ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाएँ, सहिया, स्वयं सहायता समूह (रत्नॠ) की सदस्याएँ, महिला जनप्रतिनिधि, शिक्षिकाएँ और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कई पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी कुल उपस्थिति का लगभग 70 प्रतिशत से अधिक रही, जिससे यह आयोजन एक जनभागीदारी आधारित सामाजिक अभियान के रूप में सामने आया। सभा के दौरान महिलाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चर्चा की गई। इनमें महिला सुरक्षा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण, बाल विवाह की रोकथाम, नशा उन्मूलन तथा पंचायत योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी प्रमुख रूप से शामिल रहे। महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएँ, सुझाव और अनुभव साझा किए, जिन्हें पंचायत स्तर पर दर्ज कर उनके समाधान के लिए कार्ययोजना बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

# साहिबगंज महाविद्यालय में आयोजित हुआ विकसित भारत युवा सांसद 2026 कार्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** साहिबगंज महाविद्यालय के नंदन भवन में भारत सरकार युवा एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विकसित भारत युवा सांसद 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाषण के विषय आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एकदिवसीय इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के बी झा कॉलेज कटिहार (बिहार) में राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. मेघा कुमारी उपस्थित थी। साहिबगंज महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ मृदुला सिन्हा, प्राचार्य प्रो. एस आर आई रिजवी, मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर कुमार प्रशांत भारती एवं निर्णायक मंडली के सम्मानित सदस्य के रूप में अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सेमी विक्टर मरांडी तथा बीएड विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रोफेसर नितिन कुमार घोष एवं अन्य उपस्थित प्राध्यापकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदोपरांत सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर प्रिया सिंह ने मातृशक्ति को समर्पित अपनी स्वरचित कविता का पाठ किया। छात्र-छात्राओं ने भाषण के विषय पर गंभीर तरीके से अपनी बात रखी एवं निर्णायक मंडली का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। जिसके फलस्वरू अंजली कुमारी, निखिल कुमार, राहुल कुमार साह, अभय कुमार पांडे व सुनिधि कुमारी का चयन विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता हेतु किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ रूपा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत से चंदन कुमार एवं राहुल कुमार की कार्यक्रम आयोजन हेतु सरहानीय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महाविद्यालय में बीएड विभाग में कार्यरत प्राध्यापिका डॉक्टर सुनीता कुमारी, प्रोफेसर अदिति सुरीन, डॉ सुनील कुमार संथाली, विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ जिशु हांसदा, मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राध्यापक डॉक्टर अमित कुमार सिंह एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### तलवाडांगा हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता, दो आरोपी गिरफ्तार



**पाकुड़ :** जिले के नगर थाना क्षेत्र के ग्राम तलवाडांगा में विगत 4 मार्च 2026 को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान देवराज सरकार उर्फ नमुआ सरकार, पिता मेघनाथ सरकार के रूप में हुई है। इस मामले में मृतक के पिता मेघनाथ सरकार के आवेदन के आधार पर पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या–36/26, दिनांक 05 मार्च 2026 के तहत धारा 103(1)/61(2)/351(2)/352/3(5) इठर में मामला दर्ज किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल (रक्ळ) का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस कांड में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से अपराध में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल और एक कार भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खुदु मंडल, पिता स्व. योधमन मंडल, ग्राम बहिरग्राम, थाना मालपहाड़ी ओपी और कृष्णा मिश्रा, पिता राजीव मिश्रा, ग्राम बहिरग्राम, थाना मालपहाड़ी ओपी, जिला पाकुड़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी खुदु मंडल के खिलाफ पूर्व में भी पाकुड़ नगर थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं मृतक देवराज सरकार उर्फ नमुआ सरकार भी पाकुड़ नगर थाना में दर्ज कुल पांच मामलों में नामजद था। इस मामले के खुलासे के लिए गठित एसआईटी टीम में नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, मालपहाड़ी ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता, अभिषेक कुमार, सन्नी सुप्रभात, मिथुन रजक, तकनीकी शाखा के आरक्षी सुरज मुर्मू सहित नगर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### अंबेडकर संस्था ने नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष का किया नागरिक अभिनंदन




**साहिबगंज:** शहर के कुलीपाड़ा, दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन में अंबेडकर संस्था के तत्वधान में नव निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मीडिया प्रभारी अनिल पासवान ने किया। इस दौरान नव निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान का ब्लू रंग के अंगवस्त्र व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इसके पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर व देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। वहीं वक्ताओं ने नाव निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष से शहर के समग्र विकास की कामना की। नव निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान ने अंबेडकर संस्था व शहर की जनता का आभार जताया। कहा कि जनता ने विकास के लिए उन्हें चुना है। समाज के हर तबके को साथ लेकर शहर का विकास करेंगे। उन्होंने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामना भी दी। साथ ही कहा कि जनता की उम्मीद पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। मंच संचालन विजय वर्मा ने किया। मौके पर वार्ड पार्षद रंजीत प्रसाद साह, कोंग्रेसी नेता अखलाक नदीम, अनिल राय, पूर्व वार्ड पार्षद मो अजमत हुसैन, विष्णु पासवान, मो कज्जाफी मुर्शाद, मो शाहिद, संजीव पासवान, संजय पासवान, मानव पासवान, शेखर पासवान, कैलाश पासवान, मनोज पासवान, व्यास पासवान, मो अजफर, मो अंसरुल, दिनेश पासवान, मो मंजूर सहित दर्जनों मौजूद थे।

### गायत्री शक्तिपीठ में मनाया गया महिला दिवस



**साहिबगंज:** हमारे पौराणिक ग्रंथों में उल्लेख है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता अर्थात नारी का सम्मान ही देवी देवता का पूजन है। कहा गया है कि नारी का सम्मान जहां है संस्कृति का उत्थान वहां है। इसलिए हर घर की नारी पूज्य होती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय सदस्य करुणामई भारती ने ये बातें कही। कार्यक्रम की शुरूआत प्रियंका सोनी सरिता पोद्दार एवं निभा देवी ने सामूहिक मातृ वंदना एवं गुरु वंदना के साथ किया। कार्यक्रम को उषा रानी साहा, संगीता कुमारी, नीलू दीदी आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सामाजिक उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इनमें उषा रानी साहा, सीता देवी, कंचन देवी, सविता कुमारी, नीलू भारती शामिल हैं। सबों को तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर सामूहिक करतल ध्वनि के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मधु कुमारी, संगीता कुमारी, निभा देवी, रेखा देवी, अनीता देवी, कंचन देवी, डॉ राधा मोहन, मंडल शिवशंकर निराला, निरंजन भारती, अभय कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

### आतापुर गांव में मारपीट मामले का दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**साहिबगंज:** राधानगर थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार राधानगर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के आतापुर गांव में मारपीट कांड के दोनों आरोपी मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कांड संख्या 67/26 के नामजद आरोपी विशाल राय व कृष्णा राय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मारपीट सहित अन्य आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस दौरान पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# खाड़ी क्षेत्र तनाव से तेल-तिलहन बाजार में मजबूती, मूंगफली तेल में गिरावट

**- गर्मी में पाम और पामोलीन तेल की मांग बढ़ी और बाजार धारणा मजबूत होने से इनके दाम बढ़े**

**नई दिल्ली ।**

ईरान पर अमेरिका और इज़राइल के संभावित हमलों के बीच खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ा है। होर्मुज जलडमरूमुख से तेल और तिलहन के आयात पर असर की आशंका ने बाजार धारणा को मजबूत किया। विशेषकर सोयाबीन तेल की आपूर्ति पर दबाव बढ़ा है, जो भारत में आयातित तेलों में सबसे महत्वपूर्ण है। बीते सप्ताह सरसों की नई फसल की आवक बढ़ी, बावजूद इसके दाम मजबूत रहे। खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण सप्लाई की चिंताएं बनीं। हरियाणा, राजस्थान और गुजरात सरकारों द्वारा एमएसपी पर सरसों खरीद का ऐलान किसानों के लिए राहत का कारण बना। सरकारी स्टॉक को बढ़ाकर 20-25 लाख टन बनाए रखने की सलाह दी गई है। कांडला बंदरगाह पर सूरजमुखी तेल 162 रुपए प्रे ति किलो और सोयाबीन रिफाइंड तेल 138 रुपए प्रे ति किलो रहे। सूरजमुखी तेल महंगा होने से दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में सोयाबीन तेल पर मांग बढ़ी। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि सोयाबीन की बिजाई से पहले सरकारी स्टॉक को नियंत्रित रूप से जारी किया जाए, ताकि अक्टूबर में किसानों को बेहतर दाम मिल सकें। सरकारी एजेंसियों की मूंगफली की बिक्री के कारण मूंगफली तेल के दाम गिरावट पर रहे। गर्मी में पाम और पामोलीन तेल की मांग बढ़ी और युद्ध की वजह से बाजार धारणा मजबूत होने से इनके दाम बढ़े। नवरात्र और शादी-विवाह के मौसम में बिनौला तेल की मांग बढ़ी। कमजोर आवक और मजबूत बाजार धारणा ने बिनौला तेल के दामों में सुधार किया। सूत्रों के मुतो बिक बीते सप्ताह सरसों दाना 125 रुपये के सुधार के साथ 6,600-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 300 रुपये के सुधार के साथ 13,750 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,325-2,425 रुपये और 2,355-2,470 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 250-250 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 5,600-5,650 रुपये और 5,200-5,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

# मिडिल ईस्ट तनाव से एशिया में ऊर्जा संकट बढ़ा




**मुंबई ।**

मिडिल ईस्ट में हालिया सैन्य घटनाओं ने एशिया में ऊर्जा आपूर्ति पर सीधा असर डाला है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद शुरू हुई जवाबी कार्रवाई से तेल और गैस उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही लगभग ठप हो गई है। यह मार्ग खाड़ी क्षेत्र के बड़े तेल उत्पादक देशों से एशिया और दुनिया के अन्य हिस्सों तक ऊर्जा पहुंचाने के लिए अहम माना जाता है। ऊर्जा आपूर्ति में बाधा के कारण एशिया के कई देशों में संकट के संकेत दिखने लगे हैं। बिजली कंपनियों और रिफाइनरियों के पास ईंधन का भंडार घटने लगा है। सिंगापुर में जहाजों को ईंधन उपलब्ध कराने वाली कंपनियों ने आपूर्ति सीमित कर दी है। फिलीपींस ने सरकारी दफ्तरों के कामकाज के दिन कम कर दिए हैं, जबकि बांग्लादेश ने रमजान के दौरान सजावटी रोशनी सीमित की है। चीन ने घरेलू जरूरतों को सुरक्षित रखने के लिए रिफाइनरियों से ईंधन निर्यात कम करने के निर्देश दिए हैं। ऊर्जा संकट का असर उद्योगों पर भी पड़ रहा है। पाकिस्तान के एक कारोबारी का कहना है कि गैस की कमी और बढ़ती लागत के कारण उत्पादन में 35 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। वहीं कतर और संयुक्त अरब अमीरात में हवाई अड्डों के बंद होने से अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों तक माल भेजना मुश्किल हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबी खिंचती है तो एशियाई देशों में ऊर्जा संकट और गंभीर हो सकता है। उत्पादन लागत और ईंधन कीमतें बढ़ सकती हैं, जबकि सरकारों को बचाव के अस्थायी उपाय करने पड़ सकते हैं।

# ईवी स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने ऑटो पीएलआई मानदंडों में ढील की जरूरतः यूलर मोटर्स

**यूलर मोटर्स ने अब तक लगभग 1,500 करोड़ रुपए का निवेश किया**

**नई दिल्ली ।**




यूलर मोटर्स ने कहा है कि भारत की ऑटोमोबाइल पीएलआई योजना के वर्तमान मानदंड छोटे और मध्यम ईवी स्टार्टअप्स के लिए बहुत कठोर हैं। योजना के तहत, एक ऑटो निर्माता का न्यूनतम वैश्विक समूह राजस्व 10,000 करोड़ रुपये और अचल संपत्तियों में निवेश 3,000 करोड़ रुपये होना आवश्यक है। कंपनी के एक अे धिकारी के अनुसार ऐसे उच्च मानक यूलर मोटर्स जैसी कंपनियों को योजना में भाग लेने से रोकते हैं। कंपनी छोटे इलेक्ट्रिक ट्रकों और तिपहिया वाहनों के क्षेत्र में सक्रिय है और इसके पास इलेक्ट्रिक चार-पहिया और तीन-पहिया वाणिज्यिक कार्गो वाहन हैं। यूलर मोटर्स ने अब तक लगभग 1,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है और अगले दो से ढाई वर्षों में 500 से 1,000 करोड़ रुपये और निवेश करने की योजना है। उनका कहना है कि कुल निवेश को ध्यान में रखते हुए, कंपनी अचल संपत्तियों के 3,000 करोड़ रुपये के मानदंड की राह पर है। कुमार ने सुझाव दिया कि केवल अचल संपत्तियों पर जोर देने की बजाय योजना का दायरा स्टार्टअप द्वारा किए गए कुल निवेश तक बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे अधिक स्टार्टअप्स तकनीक और आरएंडडी में निवेश कर सकेंगे और भारत की हरित गतिशीलता यात्रा में योगदान दे सकेंगे। कुमार ने जोर देकर कहा कि चार-पहिया ईवी क्षेत्र में सक्रिय कंपनियां बहुत कम हैं, इसलिए सरकार को छोटे स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करना चाहिए।

कंपनी ने मांग की है कि पीएलआई योजना को अधिक लचीला बनाया जाए ताकि छोटे और मध्यम ईवी स्टार्टअप्स भी योजना का लाभ उठा सकें। इससे देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और हरित वाहनों के विकास को मजबूती मिलेगी।

# जैक्वार समूह का लाइटिंग व्यवसाय के राजस्व को 1,700 करोड़ करने का लक्ष्य

**- वित्त वर्ष 2024-25 में समूह का कुल कारोबार 7,493 करोड़ रुपए था**

**नई दिल्ली ।**

बाथरूम और लाइटिंग समाधान में अग्रणी जैक्वार समूह ने अपने लाइटिंग व्यवसाय के विस्तार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। समूह के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि लाइटिंग व्यवसाय वर्तमान में समूह के कुल राजस्व का 8-10 प्रतिशत योगदान देता है। वित्त वर्ष 2024-25 में समूह का कुल कारोबार 7,493 करोड़ रुपये था और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 8,300 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है।

चालू वित्त वर्ष में लाइटिंग व्यवसाय से लगभग 700 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। जैक्वार लाइटिंग के पोर्टफोलियो में एलईडी, व्यावसायिक, आउटडोर और फसाड लाइटिंग के साथ-साथ उपभोक्ता प्रकाश उत्पाद जैसे बल्ब और ट्यूब लाइट शामिल हैं। कंपनी तकनीकी नवाचार और उत्पाद विविधीकरण के माध्यम से बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में लाइटिंग व्यवसाय का राजस्व 1,600-1,700 करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके लिए भिवाड़ी में नए लाइटिंग संयंत्र के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश योजना में शामिल है। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति की तेज गति के कारण अगले दो-तीन वर्षों में अतिरिक्त निवेश 50-60 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जैक्वार लाइटिंग का यह रणनीतिक विस्तार समूह के कुल राजस्व में लाइटिंग का योगदान बढ़ाने के साथ-साथ तकनीकी उन्नति और उत्पादन क्षमता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारत में अब कुल 308 अरबपति, मुकेश अंबानी बने सबसे अमीर

**- पिछले एक वर्ष में भारत में 57 नए अरबपति जुड़े, जबकि 27 लोग सूची से बाहर हुए**



**मुंबई ।**

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2026 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब कुल 308 अरबपति हो गए हैं, जो पिछले साल से 24 अधिक हैं। इस बढ़ोतरी के साथ भारत अरबपतियों की संख्या के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, केवल अमेरिका और चीन से पीछे। पिछले एक वर्ष में भारत में 57 नए अरबपति जुड़े, जबकि 27 लोग सूची से बाहर हुए। कुल अरबपतियों में लगभग 7 फीसदी महिलाएं हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक साल में उनकी संपत्ति लगभग 10 फीसदी बढ़कर 112.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इस दौरान 199 अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई, जबकि 109 की संपत्ति में कमी या कोई खास बदलाव नहीं हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार फिर भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने। उनकी कुल संपत्ति लगभग 9.8 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें पिछले साल की तुलना में करीब 9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। गौतम अडानी अडानी ग्रुप के प्रमुख दूसरे स्थान पर हैं, हालांकि उनकी संपत्ति में 14 फीसदी की गिरावट आई है और अब यह 7.5 लाख करोड़ रुपये रह गई है। तीसरे स्थान पर रोशनी नाडर मल्होत्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी की चेयरपर्सन हैं। उनकी संपत्ति लगभग 3.2 लाख करोड़ रुपये है और वह भारत के शीर्ष 10 अमीरों में इकलौती महिला हैं।

इस साल सबसे अधिक नए अरबपति हेल्थकेयर क्षेत्र से सामने आए हैं, कुल 53 नए नाम शामिल हुए। इसके बाद औद्योगिक उत्पाद क्षेत्र से 36 और उपभोक्ता वस्तु क्षेत्र से 31 नए अरबपति जुड़े। संपत्ति के मामले में ऊर्जा क्षेत्र सबसे आगे रहा। केवल 8 अरबपतियों के पास 18.3 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है, जो भारत के कुल अरबपति धन का लगभग 16 फीसदी है। साइरस एस पूनावाला, सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के संस्थापक और चेयरमैन, इस साल सबसे बड़े वेल्थ गेनर बने। उन्होंने केवल एक साल में लगभग 0.91 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति जोड़ी।



# तांबा महंगा होने, रुपया कमजोर पड़ने से 5-15 प्रतिशत बढी एसी की कीमतें

**नई दिल्ली ।** भारत की प्रमुख एयर कंडीशनर (एसी) कंपनियां डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज ने अपने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में 5 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है। कंपनियों का कहना है कि तांबे जैसी महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री की बढ़ी कीमतें, अमेरिकी डॉलर की मजबूती और माल ढुलाई खर्च में वृद्धि मुख्य कारण हैं। इसके अलावा नए ऊर्जा दक्षता मानकों के लागू होने से एसी और अधिक कुशल बने हैं, जिससे उत्पादन लागत भी बढ़ गई है। फरवरी से अप्रैल तक लागू होने वाली यह कीमत बढ़ोतरी गर्मी के मौसम से ठीक पहले हो रही है, जब एसी की मांग अपने चरम पर होती है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि भीषण गर्मी और नए स्टार-रेटेड मॉडलों से बिजली की बचत की उम्मीद से इस साल बिक्री की गति मजबूत रहने वाली है। डाइकिन इंडिया ने अप्रैल से 12 फीसदी, ब्लू स्टार ने फरवरी में 8-10 फीसद और वोल्टास ने 5-15 फीसदी की बढ़ोतरी की। कंपनी का कहना है कि कच्चे माल की लगातार बढ़ती लागत मूल्य समायोजन के लिए आवश्यक थी।

# सोना साप्ताहिक आधार पर 5060 सस्ता, चांदी में 10000 रुपए की गिरावट

**- मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षित निवेश वाले एसेट्स की मांग बढ़ी**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बावजूद भारत में सोने की कीमतों में पिछले सप्ताह गिरावट देखने को मिली। 24 कैरेट सोना 5,060 रुपये सस्ता होकर दिल्ली में 1,63,800 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। 22 कैरेट सोना भी 4,650 रुपये गिरकर 1,50,150 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। शुक्रवार को दिल्ली के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,100 रुपये घटकर 1,64,100 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई थी। विशेषज्ञों के अनुसार लगातार दूसरे दिन की मुनाफासूली ने घरेलू बाजार पर दबाव डाला। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 24 कैरेट सोने का भाव 1,63,640 और 22 कैरेट 1,47,690 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। पुणे और बेंगलुरु में भी यही कीमतें दर्ज की गई हैं। अन्य प्रमुख शहरों जैसे जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोने का भाव 1,63,800 रुपए और 22 कैरेट 1,50,150 है। अहमदाबाद और भोपाल में 24 कैरेट 1,63,700 और 22 कैरेट 1,50,050 रुपए पर कारोबार हो रहा है। मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षित निवेश वाले एसेट्स की मांग बढ़ी। हाजिर सोना 14.70 डॉलर बढ़कर 5,095.81 प्रति औंस पर पहुंच गया। चांदी की कीमत में भी साप्तो हिक गिरावट रही। दिल्ली में 8 मार्च की सुबह चांदी 2,85,000 प्रति किलोग्राम पर थी, जबकि शुक्रवार को यह 2,71,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर चांदी 1.4 फीसदी बढ़कर 83.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। जनवरी 2026 में चांदी ने 4,00,000 रुपए के आंकड़े को पार किया था।

# पश्चिम एशिया संकट और तेल की कीमतों से प्रभावित होगा शेयर बाजार

**- ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव बाजार में बढ़ा सकता है अस्थिरता**

मुंबई । इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे जुड़ी भू-राजनीतिक घटनाओं पर निर्भर करेगी। बाजार के जानकारों ने कहा कि इस संघर्ष के चलते बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) की बिकवाली बढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक संघर्ष का स्पष्ट परिणाम सामने नहीं आता और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नहीं होती, विदेशी निवेशक बाजार में बड़े पैमाने पर निवेश करने की संभावना कम है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड इस सप्ताह 8.52 प्रतिशत उछलकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च तेल कीमतें भारत जैसी तेल आयातक अर्थव्यवस्थाओं के लिए नकारात्मक संकेत हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित करता है और बाजार में अस्थिरता बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड का 90 डॉलर से ऊपर होना भारतीय अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार के लिए बुरी खबर है। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक बाजार के रुझान और एफपीआई की गतिविधियां भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगी।




यदि वैश्विक बाजार सकारात्मक रहेगा, तो कुछ हद तक भारतीय बाजार में स्थिरता बनी रह सकती है। लेकिन पश्चिम एशिया संकट और तेल की कीमतों में तेजी इसे दबाव में रख सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को आने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। ये आंकड़े निवेशकों को अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति और मौद्रिक नीति के रुझान का संकेत देंगे।

# ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियों ने त्योहारी तिमाही में दर्ज की जोरदार वृद्धि

**- कंपनी के औसत मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता बढ़कर 2.43 करोड़ हुए**

**नई दिल्ली ।** भारत की शीर्ष ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियों स्विगी, मैजिकपिन और जोमैटो ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। उद्योग के विशेषज्ञों के अनुसार त्योहारों के दौरान बढ़ी मांग, किफायती ऑफ़र और बढ़ते उपयोगकर्ता आधार ने ऑर्डर की संख्या में तेजी लाने में मदद की। लगातार निवेश, नवाचार और मूल्य-आधारित प्रस्तावों से इस क्षेत्र की वृद्धि की गति अगले तिमाहियों में भी बनी रहने की उम्मीद है। मैजिकपिन के प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि तिमाही शानदार रही। दिल्ली-एनसीआर जैसे परिपक्व बाजार स्थिर रहे, जबकि बेंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई जैसे शहरों में सकल ऑर्डर मूल्य में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। स्विगी ने बताया कि तिमाही में वृद्धि नई गति, चयन और सामर्थ्य के प्रस्तावों की वजह से आई। कंपनी के औसत मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता सालाना 22 प्रतिशत बढ़कर 2.43 करोड़ हो गए, जबकि कुल ऑर्डर 23 करोड़ से बढ़कर 29.4 करोड़ हो गए। जोमैटो के फूड डिलीवरी व्यवसाय ने भी इस तिमाही में सकारात्मक रुझान दिखाया। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 9,846 करोड़ रुपये का शुद्ध ऑर्डर मूल्य दर्ज किया, जो सालाना 16.6 प्रतिशत अधिक है। विशेषज्ञ मानते हैं कि त्योहारी सीजन के अलावा निरंतर निवेश, प्रचार और मूल्य-आधारित रणनीतियों से कंपनियों की वृद्धि गति आने वाले तिमाहियों में भी बनी रहेगी।

# देश की प्रमुख आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.81 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 की सूची में रिलायंस और इंफोसिस के मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई**

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह शेयर बाजार में गिरावट की वजह से देश की प्रमुख 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2,81,581.53 करोड़ रुपये की कमी आई है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। शीर्ष 10 की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस ही ऐसी कंपनियां रहीं, जिनके मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 53,952.96 करोड़ रुपये घटकर 10,55,567.27 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 46,936.82 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 9,40,049.82 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 46,552.3 करोड़ रुपये घटकर 13,19,107.08 करोड़ रुपये रह गया। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में 45,629.03 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,43,208.36 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,934.56 करोड़ रुपये घटकर 5,91,136.03 करोड़ रुपये पर आ गया। इसके विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 14,750.39 करोड़ रुपये बढ़कर 19,01,583.05 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन भी 3,459.99 करोड़ रुपये चढ़कर 5,30,546.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई




# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से निकाले 21,000 करोड़

**फरवरी में भारी निवेश के बाद मार्च में बिकवाली**

**नई दिल्ली ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले चार कारोबारी सत्रों में भारतीय इक्विटी से करीब 21,000 करोड़ रुपये की निकासी की है। फरवरी में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों में सबसे बड़ी मासिक निवेश राशि थी। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन महीनों तक शुद्ध विक्रेता रहे थे। जनवरी में 35,962 करोड़, दिसंबर में 22,611 करोड़ और नवम्बर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च की बिकवाली का प्रमुख कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव है। एंजेल वन के वरिष्ठ विश्लेषक वकार जावेद खान के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के डर ने ब्रेंट क्रूड की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंचा दी, जिससे वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी। इस दौरान रुपया 92 प्रति डॉलर से नीचे चला गया, जबकि अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड के प्रतिफल में वृद्धि हुई। बाजार के जानकारों ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष की अनिश्चितता, हालिया बाजार सुधार और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने एफपीआई की बिकवाली को और तेज किया।

# उत्तर प्रदेश विद्युत आयोग ने उपभोक्ताओं को दिलाई बड़ी राहत

**अब वापस होंगे स्मार्ट मीटर के नाम पर वसूले 127 करोड़**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर वसूली गई अतिरिक्त राशि को लौटाने का आदेश दिया है। आयोग ने कहा कि 1 अप्रैल 2025 के बाद जो उपभोक्ताओं से अधिक पैसे लिए गए हैं, उन्हें लगभग 127 करोड़ रुपये बिजली बिलों में समायोजित कर वापस किया जाए। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग में याचिका दाखिल की थी। उन्होंने बताया कि नए कनेक्शन पर सिंगल फेज में 6016 रुपये और थ्री फेज में 11341 रुपये लिए गए, जबकि वास्तविक शुल्क सिंगल फेज 2800 रुपये और थ्री फेज 4100 रुपये था। इस अवधि में 10 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच कुल 3,53,357 नए कनेक्शन जारी किए गए और इसी दौरान अतिरिक्त राशि वसूली गई। आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह ने याचिका पर सुनवाई कर यह आदेश दिया।

संक्षिप्त डायरी

## मौसम बदलने की संभावना, तेज हवा चलेगी, हल्की बारिश होगी

**पटना (एजेंसी)** नोराज्य में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। अभी सामान्य से पांच-छह डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है। अब पश्चिमी विक्षोभ की दस्तक से अगले 48 घंटों के भीतर बड़ा बदलाव आने वाला है। मौसम विभाग के पटना केंद्र द्वारा जारी पूवानुमान के मुताबिक, 9 और 10 मार्च को बिहार के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की प्रबल संभावना है। इस दौरान 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। ओडिशा और उसके आसपास के निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती हवा का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ ही एक ट्रफ रेखा उत्तर-पश्चिमी उत्तरप्रदेश तक फैली है। इसके कारण बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवा पूर्वी भारत की ओर आ रही है, जो बिहार और झारखंड में बारिश की स्थिति पैदा कर रही है। फसलों पर प्रभाव : गेहूं की फसल अभी दाना भरने की अवस्था में है। हल्की बारिश दानों के लिए फायदेमंद है, लेकिन तेज हवाओं से खड़ी फसल गिरने का खतरा है। आम और लीची के मंजर के लिए हल्की नमी वरदान है, जिससे मधुआ कीट कम होगा। लेकिन तेज हवा और ओलावृष्टि मंजरों को झाड़ सकती है, जिससे पैदावार घट जाएगी। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों में सिंचाई और कीटनाशक छिड़काव रोक दें। बिजली कड़कने के समय पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे न रहें।

## पटना में ब्लैकमेलिंग में युवक की हत्या का खुलासा

**पटना (एजेंसी)** पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में एक साल पहले मिले युवक के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पटना पुलिस ने जांच के बाद इस हत्याकांड का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 18 मार्च 2025 को बरामद हुए इस शव की पहचान उस समय नहीं हो पाई थी। युवक की गला रेतकर हत्या की गई थी और शरीर पर धारदार हथियार के निशान थे। मामले की जानकारी देते हुए पूर्वी रढ परिचय कुमार ने बताया कि, मृतक की पहचान जहानाबाद के महादेव शाह के तौर पर हुई है। पुलिस ने सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर मृतक की प्रेमिका पुष्पा देवी, उसके देवर आलोक कुमार और एक ऑटो चालक सन्नी कुमार को अरेस्ट कर लिया है। फिलहाल इस घटना में शामिल एक आरोपी फरार है।

पूछताछ में आरोपी आलोक ने पुलिस को बताया है कि, 'साल 2022 में पुष्पा देवी की शादी अभिमन्यु पासवान से हुई थी। शादी से पहले से ही महादेव शाह के संपर्क में थी। दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद महादेव शाह भाभी को न्यूड वीडियो और तस्वीर भेज कर ब्लैकमेल कर रहा था। शादी के बाद भी संबंध बनाना चाहता था। इस बात से पूरा परिवार परेशान चल रहा था। 17 मार्च और 18 मार्च यानी घटना वाले दिन भाभी ने उसे फोन करके बुलाया था। मैं और मेरा दोस्त गांव के एक ऑटो में उसे बैठाकर सुनसान जगह पर ले गए और हत्या कर दी।' दरोगा की तैयारी करने पटना आया था आरोपी महिला का आरोपी देवर आलोक कुमार गांव में ही निजी मेडिकल क्लिनिक अपना चला रहा था। घटना के बाद मेडिकल दुकान बंद कर पटना में दरोगा की तैयारी करने चला आया। दूसरा आरोपी महेंद्रू इलाके में ही रहकर तैयारी कर रहा था। गिरफ्तारी के वक्त छत से आरोपी ने लगाई छलांग आलोक को पटना पुलिस ने महेंद्रू इलाके के हॉस्टल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने हॉस्टल से छलांग लगा दी। जिसमें पैर की हड्डी टूट गई है। पुलिस को तीन मोबाइल फोन मिले हैं, जिसमें मृतक का भी एक टूटा मोबाइल शामिल है।

## 25 साल में बिहार में महिला साक्षरता की दर 41 प्रतिशत तक बढ़ी

**पटना (एजेंसी)** बिहार की ग्राम पंचायतों की महिला मुखिया और सरपंच अपने क्षेत्र की बेटियों को साक्षर बनाने में जुटी हैं। इससे बीते दो दशक में बिहार में महिला साक्षरता दर दोगुने से भी ज्यादा हो गई है। साल 2001 में महिला साक्षरता दर 33.12 प्रतिशत थी, जो 2025 में 74 प्रतिशत तक हो गई। यह प्रगति न सिर्फ शिक्षा और जागरुकता अभियानों का नतीजा है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर महिला मुखिया के मजबूत नेतृत्व का भी इसमें योगदान है।

पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी ने साक्षरता और आत्मनिर्भरता को गति दी है। बिहार में पंचायतों के चुनाव में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण है। पूर्णिया के धमदाहा ब्लॉक की कुकरौन पश्चिमी पंचायत की मुखिया अफसाना बेगम ने बचपन से ही महिलाओं में बेरोजगारी,निरक्षरता और आत्मविश्वास की कमी को करीब से देखा था। सरकारी स्कूल से 8वीं करने के बाद उन्होंने मदरसे से इंटर पास किया। गांव में बदलाव लाने की इच्छा थी तो पंचायत चुनाव में जीत हासिल की। मुखिया बनने के बाद अफसाना ने पंचायत में बाल विवाह पर रोक लगाने और लड़कियों की शिक्षा पर जोर दिया। बीते चार साल में छह लड़कियां सरकारी शिक्षक बनीं, जबकि कई अन्य ग्रेजुएशन कर रही हैं। महिलाओं को हस्ताक्षर करना सिखाने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी। पंचायत की करीब 80 प्रतिशत महिलाएं खुद कागजात पर हस्ताक्षर करती हैं। इसके अलावा अफसाना ने पंचायत में ही हाट बसाया। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ा। आज पंचायत की 70 प्रतिशत महिलाएं रोजगार से जुड़ी हैं।

## जल्ला हनुमान मंदिर में अब होगी नवग्रह शांति पूजा

**पटना (एजेंसी)** पटना के जल्ला हनुमान मन्दिर में नवग्रह पूजा की सुविधा मिलेगी। आज मूर्तियों की स्थापना होगी। मन्दिर परिसर में नवग्रह मंडप बनाकर वेदी पर 9 ग्रहों की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक ग्रह की अलग-अलग मूर्ति, जो कसौटी पत्थर की है, महाबलीपुरम से मंगायी गई है। इस वेदी पर श्रद्धालु स्थापना के बाद ग्रह शान्ति और ग्रह-पूजन कर सकेंगे। महावीर मंदिर स्थान न्यास समिति की ओर से इसे संचालित किया जाएगा। कल पंचांग-पूजा, मंडप-पूजा और मूर्तियों का अधिवास किया गया।

आज एक वेदी पर विभिन्न दिशाओं में मूर्तियां स्थापित कर पूरे नक्षत्र-चक्र की भी स्थापना होगी। महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल ने कहा कि, ह्यइस इलाके के लोगों को अब नवग्रह पूजा कराने में सहुलियत हो जाएगी। महावीर मन्दिर पटना के शोध पदाधिकारी पंडित भवनाथ झा की देखरेख में यह स्थापना होगी।

नवग्रह मूर्तियों की स्थापना के मौके पर भी काफी संख्या में भक्त मौजूद रहेंगे ह्ल इसमें सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु को शास्त्रीय विधि के अंतर्गत स्थापित की गई है।

इस नवग्रह के चारों ओर 27 नक्षत्र का मंडल है। इसके अलावा एक शिवलिंग की भी स्थापना की गई है।

# नीतीश की कनपट्टी में कट्टा सटाकर साइन कराया पहले ही लेना चाहिए था रिटायरमेंट



**पटना (एजेंसी)** ऐसा लग रहा है कि नीतीश कुमार की कनपट्टी में कट्टा सटाके राज्यसभा वाले पेपर पर साइन करा लिया गया है। उनकी सम्मानजनक विदाई नहीं हुई। बिहार की राजनीति से मंडल युग खत्म हो गया है। नीतीश को 2020 में ही रिटायरमेंट ले लेना चाहिए था। यह कहना है प्रेम कुमार मणि का। वह नीतीश कुमार के खास दोस्तों में गिने जाते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के बाद से जदयू के नेता और कार्यकर्ता नाराज हैं। नीतीश के खास दोस्त भी खुश नहीं। नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। जदयू के पूर्व नेता प्रेम कुमार मणि नीतीश कुमार के पुराने दोस्त हैं। उन्होंने कहा, नीतीश की सम्मानजनक विदाई नहीं हुई। यह सभी को दिख रहा है। मुझे भी दिख रहा है। वे भले ही राज्यसभा जा रहे हों, लेकिन लगता है कि उनकी राजनीतिक विदाई का समय है। उनके सक्रिय राजनीति का अंत हो रहा है। दूसरी बात यह कि मंडल युग का बिहार की राजनीति से खात्मा हो गया है। मैं ने तो 2020 में ही कहा था कि नीतीश कुमार को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए, जब उन्हें 43 सीटें मिली थीं। नीतीश से मैंने कहा भी था कि आपको अब संन्यास ले लेना चाहिए। उन्होंने जवाब दिया कि बीजेपी चाहती है कि वे मुख्यमंत्री पद पर रहें। प्रेम कुमार मणि ने कहा, बीजेपी को अपने बचाव के लिए नीतीश कुमार की जरूरत थी। बिहार में नीतीश के बिना बीजेपी की कोई जमीन तैयार नहीं हो रही थी। अब बीजेपी का मुख्यमंत्री होगा। नीतीश कुमार के मित्र सरयू राय ने कहा, नीतीश 2005 से मुख्यमंत्री हैं। उनके बारे में अच्छे तरीके से फैसला लेना चाहिए था। अचानक घोषणा नहीं होनी चाहिए थी। यह नीतीश की प्रतिष्ठा के हिसाब से ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। केन्द्रीय अध्यक्ष की भूमिका में वे कितना सहज रहेंगे यह भी समझने की बात है। ऐसा न हो कि अध्यक्ष के पावर का इस्तेमाल कार्यकारी अध्यक्ष करने लगें। उन्होंने कहा, 'नीतीश के मन में क्या है, यह जानना आसान नहीं। अपना दायरा बनाकर रखते हैं। उन्होंने कई बार चुपचाप अपमान बर्दाश्त किया है।' एक ऐसी ही घटना लालू यादव से जुड़ी है। 1992 में जब लालू जनता दल से बिहार के उट थे तब दिल्ली स्थित बिहार निवास में मैं, ललन सिंह और नीतीश कुमार उनसे मिलने गए। लालू यादव ने मुझे और ललन सिंह को अपमानित किया। नीतीश कुमार उस वक्त चुप रहे, लेकिन उनके चेहरे पर नाराजगी साफ दिख रही थी।' 'घर जाने के बाद उन्होंने मुझे फोन किया। मैं मिलने गया तो कहा कि लालू यादव को पत्र लिखिए। शरद यादव ने पत्र लालू यादव तक जाने से रोका।

## 40000 सैलरी पाने वाले इंजीनियर ने कैसे बनाए 42 लाख



**पटना (एजेंसी)** पीले रंग की चेक शर्ट पहने, ललाट पर गुलाल लगाए और नजरें झुकाए। साधारण लग रहे जिस शख्स को आप देख रहे हैं, उसका नाम रौशन कुमार है। 2 मार्च तक इसकी पहचान असिस्टेंट इंजीनियर के रूप में थी। बेतिया के जिला शिक्षा कार्यालय में पोस्टिंग थी। अब ठिकाना बदल गया है। जनाब जेल में बंद हैं। होली पटना के बेउर जेल में मनी है। अब पूछिए ऐसा क्यों? क्योंकि साहब अवैध कमाई कर रहे थे। रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़े गए। होलिका दहन की शाम (2 मार्च) को पटना से गई स्पेशल विजिलेंस यूनिट (रश्व) की टीम ने रौशन को रिश्वत के तौर पर 5 लाख रुपए कैश और एक स्मार्ट वॉच लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। उसे उनके ऑफिस के पास के ही चाय दुकान से पकड़ा गया। 40 हजार रुपए सैलरी वाले इंजीनियर के घर 42 लाख कैश मिला। पूछने पर बोला कि सारा पैसा मेरा नहीं है। होली बाद बड़े अफसरों को एक करोड़ देना था। संडे बिग स्टोरी में पढ़िए, 6 महीने के कॉन्ट्रैक्ट की जॉब से रौशन कुमार ने कैसे 42 लाख रुपए जुटा लिए? पकड़े जाने के बाद किन अधिकारियों का नाम लिया? रिश्वत के पैसे किन लोगों तक पहुंचाए जाने वाले थे? पटना से रश्व की टीम पूरी तैयारी के साथ बेतिया गई थी। टीम रौशन की पूरी कुंडली खंगाल चुकी थी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद बवाल, शादी का कार्ड बांटने जा रहा था, ट्रैक्टर ने कुचला



**पटना (एजेंसी)** पटना युवक की मौत के विरोध में लोगों ने जमकर बवाल किया। गुस्साए लोग आरोपी ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया और जांच में जुट गई। पटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित जमालुद्दीनचक नहर के पास शनिवार को ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुला हाल है। बताया जा रहा है कि सतीश कुमार अपनी शादी का कार्ड बांटने के लिए बाइक से निकला था। उसके साथ बाइक पर सुजीत कुमार भी सवार था, जिसकी भी जल्द शादी होने वाली थी। खास बात यह है कि सुजीत की शादी सतीश कुमार की होने वाली साली से तय हुई थी। इसी दौरान जमालुद्दीनचक नहर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सतीश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। लोगों ने बिहटा-खगौल हाईवे को जाम कर दिया घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बिहटा-खगौल मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया और छोटी-बड़ी गाड़ियां घंटों फंसी रहीं। सूचना मिलने पर शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है।

# सड़क पर बस चलाओगी तो लाशें बिछेंगी':पिंक बस चलाने वाली महिलाओं को मिलते थे ताने



**पटना (एजेंसी)** बिहार की सड़कों पर अब एक नई तस्वीर उभर रही है। ये तस्वीर हौसले, संघर्ष और समाज की सोच बदलने वाली महिलाओं की है। जिन्होंने बचपन में कई ताने सुने, प्रताड़ना भी झेली, आज वह महिलाएं आने वाली पीढ़ी के लिए नई प्रेरणा बन गई हैं। पुनपुन की रहने वाली अनीता, गायत्री, बेबी और सरस्वती कुमारी जैसी महिलाएं आज बस की ड्राइविंग सीट पर बैठकर न सिर्फ बस चला रही हैं, बल्कि पूरे समाज की सोच को भी नई दिशा दे रही हैं। अपने गांव वाले-रिश्तेदारों से कद-काठी को लेकर कई ताने सुने कि तुम्हारी हाइट नहीं है, पैर बस तक कैसे पहुंचेंगे, तुम इतनी पतली-दुबली हो, हाथ से गियर क्या पकड़ोगी। सड़क पर बस निकालेगी तो एक-आध लाशें बिछती जाएंगी। इन महिलाओं ने अपना आत्मविश्वास बनाए रखा और आगे बढ़ीं। इनके पीछे सबसे बड़ा हाथ सुधा दीदी यानी सुधा वर्गीस का रहा, जिन्होंने महिलाओं को हौसला दिया, बस चलाने की ट्रेनिंग दिलाई और आत्मनिर्भर बनाया। पुनपुन निवासी महिला ड्राइवर अनीता (23) ने कहा, सुधा दीदी ने हमें ट्रेनिंग के लिए औरंगाबाद भेजा। गाड़ी चलानी सिखी, फिर लाइसेंस लेकर घर बैठी थी। सुधा दीदी (सुधा वर्गीस) ने पिंक बस चलाने का ऑफर दिया, पर मेरे पास छोटी गाड़ी का लाइसेंस था। फिर बस का भी लाइसेंस बन गया। तब पिंक बस के लिए हम लोगों ने अप्लाई किया और आज हम लोग यहां तक पहुंच पाए। 26 जनवरी को गांधी मैदान में झांकियां निकली थी, उसमें भी मैंने भाग लिया था। वहां मंत्रियों को बस में बैठाकर ड्राइव किया। अनीता ने आगे बताया, 'लोग ताने मारते थे कि तुमको साइकिल चलाने तो आता नहीं और बड़ी गाड़ी चलाओगी ? अब हम बस चला लेते हैं। जब 30 दिन की ट्रेनिंग से लौटे तो सुधा दीदी ने अपनी गाड़ी दी और ज्यादा प्रेक्टिस करने बोला' ससुराल वालों ने हमेशा मेरा सपोर्ट किया। मेरे पति ने कहा कि जब तुमको ड्राइविंग आती है, तुम्हारे पास लाइसेंस है तो तुम घर पर बैठकर क्यों चूल्हा चौकी करोगी? जाओ अपने पैर पर खड़ा हो। अनीता कहती हैं अब जब बस चलाती हूं तो लड़के भी ताने मारते हैं। सब कहते हैं कि लड़की बस चला रही है। रोड पर ले जाएगी तो एक आध लाश भी गिरा देगी। हमारे समाज की लड़कियों को भी मैं यही मैसेज दूंगी कि वो अपना सपना जिए और आगे बढ़ें। पिंक बस चलाने वाली गायत्री कुमारी (23) ने बताया, सुधा दीदी की वजह से मैं बस चला पा रही। फिर भी लोग ताने देते कि देखो लड़की बस चला रही है। गांव वाले ताने मारते हैं। भाई कहता था कि सिर्फ घूमने जाती है, कभी बस नहीं सीख पाएगी। गांव वाले कहते थे कि इतनी पतली है, इससे बस कैसे चलेगी? इसके हाथ में दम ही नहीं है तो गियर कैसे लगेगा इन सबके बावजूद हम आगे बढ़े। माता-पिता ने हमेशा सपोर्ट किया। पापा कहते हैं कि यह न्यूज पेपर में भी आ रही है, जो हम नहीं कर पाए, वह मेरी बेटी कर रही है। मेरे पापा एक मजदूर हैं। रोज का 400 रुपए कमाते हैं। मेरी दो बहन और तीन भाई हैं, इसी पैसे में सब का गुजारा होता है। पिंक बस ड्राइवर बेबी कुमारी ने कहा, सुधा दीदी के जरिए ही यहां तक पहुंची हूं। घर में पहली बार हमने बोला कि मुझे बस चलानी है तो मम्मी ने चौंक कर पूछा कि बस चलाएगी? छोड़ दो यह सब नहीं करना है, लेकिन पापा ने कहा कि क्या हो जाएगा चलाने दो। फिर पापा ने मम्मी को भी मनाया। पापा ने बचपन से आज तक सपोर्ट किया। हमारे समाज में लड़कियों की शादी बहुत कम उम्र में कर दी जाती है। लोग अक्सर ताने मारते हैं कि उम्र हो गई है अब कब शादी करोगी? लेकिन मेरे पापा ने कहा कि तुमको जहां तक पढ़ना है तुम पढ़ाई करो। जब तक बेटी नहीं चाहेगी तब तक शादी नहीं होगी। हम मुसहर समाज से आते हैं और हम यही चाहते हैं ।

## पटना सिटी में युवक के मर्डर से हड़कंप, अपराधियों ने घेरकर मार डाला ; पुलिस क्या कर रही



**पटना (एजेंसी)** पटना में अपराध चरम पर है। नौबतपुर में महिला से हैवानियत की कोशिश के बाद अब एक युवक की हत्या कर गई। अपराधियों ने बेरहमी से युवक को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पटना सिटी में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलमगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक युवक की चाकू गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जीतू कुमार के रूप में हुई है, जो आलमगंज थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की पुष्टि आलमगंज थाना प्रभारी राहुल कुमार ठाकुर ने की है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जीतू कुमार मूल रूप से आलमगंज थाना क्षेत्र के गायघाट बैरियर के पास स्थित बिस्कोमान गोलंबर के समीप प्यारेलाल का बाग इलाके में एक किराए के मकान में रहता था। घटना शुक्रवार की मध्य रात्रि की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जीतू कुमार जब गायघाट बैरियर के समीप से गुजर रहा था, तभी अज्ञात अपराधियों ने उसे घेर लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, अपराधियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू लगने से वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा, जबकि अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आननफानन में गंभीर रूप से घायल जीतू कुमार को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) में भर्ती कराया। हालांकि, जख्म इतने गहरे थे कि डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आलमगंज थाना प्रभारी राहुल ठाकुर ने घटना की आधिकारिक पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर पुलिस ने एफएसएल के माध्यम से भी मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

## बिहार के लाल ने झारखंड में दी शहादत, नक्सल ऑपरेशन में थे तैनात



**पटना (एजेंसी)** बिहार के बेगूसराय जिले के जवान मुरारी कुमार झारखंड के गुमला में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान शहीद हो गए। उनकी मौत की खबर मिलते ही गांव और आसपास के इलाकों में शोक की लहर फैल गई। शहीद का पार्थिव शरीर शनिवार देर रात चेरिया बरियारपुर गांव लाया गया, जहां हजारों लोगों ने 'शहीद मुरारी अमर रहे' के नारों के साथ अंतिम दर्शन किया। बिहार के बेगूसराय निवासी सेना के जवान झारखंड के गुमला में शहीद हो गए। देर रात उनका पार्थिव शरीर बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर पहुंचा। जहां हजारों युवाओं ने 'शहीद मुरारी अमर रहे' के नारे के साथ सीवरी पुल से पार्थिव शरीर को जुलूस के साथ रात के दो बजे गांव पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार, मुरारी झारखंड में नक्सल ऑपरेशन के दौरान तैनात थे। इसी क्रम में आईआरबी (इंडियन रिजर्व बटालियन) के 22 वर्षीय जवान मुरारी कुमार झारखंड में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। वे बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र स्थित श्रीपुर पंचायत के उप मुखिया प्रदुमन चौधरी उर्फ बरे लाल के छोटे बेटे थे। मुरारी के शहादत की खबर मिलते ही गांव और आसपास के इलाके में शोक की लहर फैल गई। परिजन अभी पूरी तरह यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि शहादत किन परिस्थितियों में हुई, लेकिन आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वे नक्सल विरोधी अभियान में जख्मी हुए थे। झारखंड के गुमला में थी मुरारी की पोस्टिंग बताया जा रहा है कि मुरारी कुमार की पोस्टिंग झारखंड के गुमला जिले में थी। उनके भाई सत्यम चंद्र ने बताया कि तीन दिनों से फोन पर बातचीत नहीं हो पा रही थी। इसके बाद अचानक उन्हें सूचना मिली कि मुरारी की तबीयत खराब है और इलाज चल रहा है। बाद में इलाज के दौरान उनके निधन की खबर आई। इस सूचना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शनिवार को हुए मुठभेड़ में घायल हो गए थे मुरारी झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा था। केंद्र सरकार द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान के लिए तय समय-सीमा के मद्देनजर सुरक्षा बलों ने अभियान तेज कर दिया था। बताया जा रहा है कि इस ऑपरेशन में करीब चार हजार जवान तैनात थे। शनिवार सुबह नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें जमकर गोलीबारी हुई।

# सदस्यता ग्रहण के बाद के बाद बिहार की जनता को क्या मैसेज दिया



**पटना (एजेंसी)** यूनाईटेड को उत्तराधिकारी मिल गया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार अपनी राजनीतिक पारी का आगाज कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी कार्यकताओं और बिहार की जनता को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड में शामिल हो चुके हैं। वीर चंद्र पटेल रोड स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में हजारों कार्यकताओं के बीच कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार वहां मौजूद नहीं थे। जदयू में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा कि मैं जदयू के कार्यकर्ता, नेता और बिहार की जनता को नमन करता हूं। मैं आज से पार्टी का सदस्य बन चुका हूं। एक कार्यकर्ता के रूप में मैं सेवा करता रहूंगा। मेरे पिता ने राज्यसभा जाने की घोषणा की है। यह उनका निजी फैसला है। मैं इस फैसले का आदर करता हूं और इसे स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि बिहार और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें। निशांत कुमार ने कहा कि मेरे पिता ने बिहार की जनता के लिए जो काम किया है, उसे मैं आगे बढ़ाने का काम करूंगा। आप सब ने जो विश्वास किया, उस पर खड़ा उतरने की कोशिश करूंगा। जनता के हृदय में खड़ा उतरने की कोशिश करूंगा। मेरे पिता ने जनता के लिए जो किया, वह सबको याद रहेगा। जनता को मेरे पिता पर गर्व है। वह अपना जीवन बिहार के लिए समर्पित कर दिया। आज से मैं राजनीतिक जीवन की शुरूआत कर रहा हूं। अभी मुझे बहुत कुछ सीखना है। इसके लिए मुझे जनता का आशीर्वाद चाहिए। मैं आप सभी को नमन करता हूं। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशांत कुमार ने जदयू के वरिष्ठ नेताओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद कार्यकर्तओं का धन्यवाद किया। इधर, जदयू दफ्तर में सुबह से राज्य के सभी जिलों से वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। कई कार्यकर्ता घोड़ा और हाथी लेकर पहुंचे। सीएम नीतीश कुमार और निशांत के समर्थन में नारेबाजी करते रहे। जदयू कार्यकताओं ने कहा कि आज हमलोगों के बहुत बड़ा दिन है। निशांत पार्टी में शामिल हुए इससे हमलोगों में काफी खुशी है। वह भी इंजीनियर हैं। नीतीश कुमार की तरह ही वह भी बिहार के विकास का काम करेंगे। इधर, जदयू कार्यकताओं की भीड़ को देखते हुए जदयू कार्यालय में पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। समर्थकों में उत्साह है। जदयू के वरिष्ठ नेता और एमएलसी नीरज कुमार ने बताया कि आज पार्टी के लिए बड़ा दिन है। निशांत कुमार पार्टी में शामिल हो चुके हैं। सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने पूरे बिहार का दौरा करने का फैसला किया है और वह जल्द ही संगठन से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। निशांत कुमार की जदयू में एंट्री का सभी विधायकों, सांसदों और विधान परिषद् सदस्यों ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निशांत का राजनीति में शामिल होना, मास्टर स्ट्रोक है। इससे कितने लोग परेशान हो जाएंगे? यह आने वाला समय बताएगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो निशांत कुमार को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

# इन तीनों गुणों के होने से मनुष्य को कहते हैं चेतन



किसी भी वस्तु की चेतनता की पहचान इच्छा, क्रिया अथवा अनुभूति के होने से होती है। अगर किसी वस्तु में ये तीनों नहीं होते हैं, तो उसे जड़ वस्तु कहते हैं और इन तीनों के होने से उसे चेतन वस्तु कहते हैं। मनुष्य में इन तीनों गुणओं के होने से उसे चेतन कहते हैं। मनुष्य के मृत शरीर में इनके न होने से उसे अचेतन अथवा जड़ कहते हैं।

प्रश्न यह उठता है कि जो मनुष्य अभी-अभी इच्छा, क्रिया अथवा अनुभूति कर रहा था और चेतन कहला रहा था, वही मनुष्य इनके न रहने से मृत क्यों घोषित कर दिया गया जबकि वह सशरीर हमारे सामने पड़ा हुआ है? आमतौर पर एक डॉक्टर बोलेगा कि इस शरीर में प्राण नहीं हैं। शास्त्रीय भाषा में, जब तक मानव शरीर में आत्मा रहती है, उसमें चेतनता रहती है। उसमें इच्छा, क्रिया व अनुभूति रहती है। आत्मा के चले जाने से वही मानव शरीर इच्छा, क्रिया व अनुभूति रहित हो जाता है, जिसे आमतौर पर मृत कहा जाता है।

शास्त्रों के अनुसार स्वरूप से आत्मा सच्चिदानन्दमय होती है। सच्चिदानन्द अर्थात सत्+चित्+आनंद। संस्कृत में सत् का अर्थ होता है नित्य जीवन अर्थात् वह जीवन जिसमें मृत्यु नहीं है, चित् का अर्थ होता है ज्ञान जिसमें कुछ भी अज्ञान नहीं है और आनंद का अर्थ होता है नित्य सुख जिसमें दु:ख का आभास मात्र नहीं है। यही कारण है कि कोई मनुष्य मरना नहीं चाहता, कोई मूर्ख नहीं कहलवाना चाहता और कोई भी किसी भी प्रकार का दु:ख नहीं चाहता।

अब नित्य जीवन, नित्य आनंद, नित्य ज्ञान कहां से मिलेगा? जैसे सोना पाने के लिए सुनार के पास जाना पड़ता है, लोहा पाने के लिए लोहार के पास, इसी प्रकार नित्य जीवन-ज्ञान-आनंद पाने के लिए भगवान के पास जाना पड़ेगा क्योंकि एकमात्र वही हैं जिनके पास ये तीनों वस्तुएं असीम मात्रा में हैं। प्रश्न हो सकता है कि बताओ भगवान मिलेंगे कहां? ये भी एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। कोई कहता है भगवान कण-कण में हैं, कोई कहता है कि भगवान मंदिर में हैं, कोई कहता है कि भगवान तो हृदय में हैं, कोई कहता है कि भगवान तो पर्वत की गुफा में, नदी में, प्रकृति में वगैरह।

वैसे जिस व्यक्ति के बारे में पता करना हो कि वह कहां रहता है, अगर वह स्वयं ही अपना पता बताए तो उससे बेहतर उत्तर कोई नहीं हो सकता। उक्त प्रश्न के उत्तर में भगवान कहते हैं कि मैं वहीं रहता हूं, जहां मेरा शुद्ध भक्त होता है। चूंकि हम सब के मूल में जो तीन इच्छाएं- नित्य जीवन, नित्य ज्ञान व नित्य आनंद हैं, वे केवल भगवान ही पूरी कर सकते हैं, कोई और नहीं। इसलिए हमें उन तक पहुंचने की चेष्टा तो करनी ही चाहिए।

भगवान स्वयं बता रहे हैं कि वह अपने शुद्ध भक्त के पास रहते हैं। अत: हमें ज्यादा नहीं सोचना चाहिए और तुरंत ऐसे भक्त की खोज करनी चाहिए जिसके पास जाने से, जिसकी बात मानने से हमें भगवद्प्राप्ति का मार्ग मिल जाए। साथ ही हमें यह सावधानी भी बरतनी चाहिए कि कहीं वह भगवद्-भक्त के वेश में ढोंगी न हो। स्कंद पुराण के अनुसार भगवान शिव माता पार्वती से कहते हैं कि कलियुग में ऐसे गुरु बहुत मिलेंगे जो शिष्य का सब कुछ हर लेते हैं, परंतु शिष्य का संताप हर कर उसे सद्मार्ग पर ले आए ऐसा गुरु विरला ही मिलेगा।

# किस जगह रखें कामधेनु की मूर्ति?

हमारे जीवन में वास्तु शास्त्र का महत्व काफी ज्यादा बताया गया है। कहा जाता है अगर किसी भी कार्य को करने से पहले या फिर करने के दौरान वास्तु शास्त्र में बताये गए नियमों का पालन किया जाता है तो इसके परिणाम काफी शुभ और सकारात्मक होते हैं. वहीं, जब इन नियमों को नजरअंदाज किया जाता है तो इसके परिणाम भी उतने ही बुरे हो सकते हैं। सनातन धर्म के अनुसार कामधेनु गाय में देवी-देवताओं का निवास होता है। इसे घर पर रखने से इंसान की हर मनोकामना पूरी होती है। वास्तु शास्त्र की अगर मानें तो जब आप इसे रखते हैं तो इससे सुख समृद्धि का वास आपके घर पर होता है.

वास्तु शास्त्र की अगर मानें तो आपको कामधेनु गाय की मूर्ति को अपने घर के ईशान कोण में रखना चाहिए। इसे सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है। आप अगर चाहें तो कामधेनु गाय की मूर्ति को घर के पूजास्थल या फिर मुख्य द्वार पर रख सकते हैं। अगर आप मूर्ति नहीं रख पा रहे हैं तो ऐसे में तस्वीर लगाना भी काफी शुभ माना जाता है.

अगर आप अपने घर पर कामधेनु गाय की मूर्ति स्थापित करने जा रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि वह सोना, चांदी, पीतल, तांबे या फिर मार्बल की बनी हुई हो। आप अगर चाहें तो चीनी मिटटी से बनी मूर्ति भी अपने घर पर रख सकते हैं। अगर आप अपने घर में सही जगह पर कामधेनु गाय की मूर्ति स्थापित करते हैं तो इससे आपको वास्तु दोषों से छुटकारा मिल सकता है। केवल यहीं नहीं, जब आप इसे अपने घर पर रखना शुरू कर देते हैं तो आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर हो जाती है।





# एकादशी व्रत का धार्मिक महत्व

## चावल का सेवन न करने के कारण

**हिंदू धर्म में एकादशी तिथि को अत्यंत पवित्र और फलदायी माना गया है। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। प्रत्येक माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रद्धालु व्रत रखकर श्रीहरि की पूजा-अर्चना करते हैं। मान्यता है कि विधिपूर्वक एकादशी व्रत करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। हालांकि, एकादशी व्रत के कई कठोर नियम होते हैं। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण नियम है एकादशी के दिन चावल का सेवन न करना।**

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने का सबसे प्रभावशाली उपाय माना गया है। यह व्रत आत्मशुद्धि, मन की एकाग्रता और आध्यात्मिक उन्नति के लिए किया जाता है। पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार, एक बार माता शक्ति के क्रोध से बचने के लिए महर्षि मेधा ने अपना शरीर त्याग दिया। उनके शरीर के अंश धरती में समाहित हो गए। जिन स्थानों पर उनके शरीर के अंश गिरे, वहां से जौ और चावल उत्पन्न हुए। चूंकि ये अनाज महर्षि के शरीर से उत्पन्न माने गए, इसलिए इन्हें 'जीव' के समान समझा गया। मान्यता है कि एकादशी के दिन ये अन्न सजीव अवस्था में होते हैं। इस कारण इस दिन चावल का सेवन करना महर्षि मेधा के शरीर के अंश का सेवन करने के समान माना गया है।

### धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख

पद्म पुराण और विष्णु पुराण में वर्णन मिलता है कि जो व्यक्ति एकादशी के दिन चावल का सेवन करता है, उसके संचित पुण्य फलों का नाश हो सकता है। इसी कारण श्रद्धालुओं को इस दिन चावल से परहेज करने की सलाह दी जाती है।

### एकादशी व्रत में क्या खाएं?

एकादशी के दिन सामान्य अन्न का सेवन नहीं किया जाता। व्रती लोग फलाहार, दूध, मखाना, साबूदाना, सिंघाड़े का आटा, कुट्टू का आटा आदि का सेवन करते हैं। कुछ लोग निर्जला व्रत भी रखते हैं। एकादशी व्रत केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि आत्मसंयम और आध्यात्मिक साधना का भी प्रतीक है। चावल का त्याग इसी परंपरा और पौराणिक मान्यता से जुड़ा हुआ है। श्रद्धालु नियमपूर्वक व्रत का पालन कर भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करते हैं।

# भीगे पैर सोना धर्म ग्रंथों में शुभ नहीं माना गया



इन्सान के स्वास्थ्य का शयन कक्ष से सीधा संबंध है। हमारे धर्म ग्रंथों में सोने के कुछ नियम बताए गए हैं। इनका पालन करने से शरीर में कोई रोग नहीं होता, साथ ही घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। मनुस्मृति में लिखा गया है कि सूने घर में अकेले नहीं सोना चाहिए। जहां बिल्कुल अंधेरा हो, वहां सोने से भी बचना चाहिए। साथ ही मंदिर और श्मशान में कभी नहीं सोना चाहिए। अच्छी सेहत के लिए सुबह जल्दी उठाना जरूरी है। कुछ लोगों की आदत होती है कि सोने से पहले पैर धोते हैं। यह अच्छा है, लेकिन भीगे पैर सोना धर्म ग्रंथों में शुभ नहीं माना गया है। बताते हैं कि सूखे पैर होने से घर में लक्ष्मी आती है।

पलंग या खाट टूटा हो तो उस पर न सोएं। खाने के तुरंत बाद बिस्तर पर न जाएं। झूठे मुंह सोना अशुभ है। आप किस दिशा में सोते हैं, यह भी बहुत अहम है। पूर्व की तरफ सिर करके सोने से विद्या, पश्चिम की ओर सिर करके सोने से प्रबल चिन्ता, उत्तर की ओर सिर करके सोने से हानि व मृत्यु, तथा दक्षिण की तरफ सिर करके सोने से धन व आयु की प्राप्ति होती है।

कई लोगों को दिन में सोने की आदत होती है। इसे तुरंत छोड़ दें। दिन में तथा सुर्योदय एवं सुर्यास्त के समय सोने वाला रोगी और दरिद्र हो जाता है।

बायीं करवट सोना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। दक्षिण दिशा में पांव रखकर कभी नहीं सोना चाहिए। इस तरफ यम और दुष्टदेवों का निवास रहता है। इसका वैज्ञानिक कारण यह भी है कि मस्तिष्क में रक्त का संचार कम को जाता है।

सोते समय हृदय पर हाथ रखकर नहीं सोना चाहिए। पैर पर पैर रखकर भी नहीं सोना चाहिए। माथे पर तिलक लगा है तो सोने से पहले उसे साफ कर लें। तिलक लगाकर सोना अच्छा नहीं माना जाता।

# गणेश जी और मां काली को अत्यन्त प्रिय है लाल रंग का गुड़हल

वास्तु शास्त्र और ज्योतिष में फूलों को पॉजिटिव एनर्जी आकर्षित करने वाला बताया गया है। आप भी अपने घर में खुशहाली के लिए कुछ चुनिंदा फूलों के पौधे लगाएं।

पूजा के लिए अधिकतर गेंदा का इस्तेमाल किया जाता है। वास्तु शास्त्र में इस पुष्प को शुभ माना जाता है, यही कारण है कि इससे घरों व मंदिरों की सजावट की जाती है। भगवान को चढ़ाया जाता है। आप भी इसे अपने घर में उत्तर-पूर्व दिशा में लगा सकते हैं। लाल रंग का गुड़हल गणेश जी और मां काली को अत्यन्त प्रिय है। कहा जाता है कि जहां कहीं भी यह पुष्प होता है, वहां पर समस्त प्रकार की नैगेटिव एनर्जी नष्ट हो जाती है। इसे घर में लगाने से पॉजिटिव एनर्जी का फ्लो बना रहता है।

चंपा के फूल हल्के पीले और सफेद रंग के आते हैं। इनमें बहुत हल्की लेकिन मधुर सुगंध होती है। यह भी भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा में इस्तेमाल किया जाता है। मोगरा के पुष्प में अत्यधिक तेज सुगंध होती है जो किसी का भी मन मोह लेती है। इस पुष्प के पौधे को घर में लगाने से लक्ष्मी का वास होता है। अत: इस पौधे को भी घर में लगाना चाहिए ताकि घर में सुख और समृद्धि आ सके। तुलसी का पौधा घर के मुख्यद्वार पर लगाने से घर में कोई भी ऊपरी बाधा प्रवेश नहीं कर सकती।

# सुबह उठते ही शिवलिंग या शिव मूर्ति का दर्शन करें

सुबह उठते ही कुछ खास चीजें देखने या ध्यान में रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और शुभ लाभ मिलता है। यह चीजें वास्तु शास्त्र और भारतीय परंपराओं से जुड़ी होती हैं, जो दिन की शुरुआत को शुभ और ऊर्जा से भरपूर बना सकती हैं। इन सरल और कम खर्चीले उपायों को अपनाकर आप अपने घर में खुशहाली का वातावरण बना सकते हैं। ये चीजें न केवल घर में शुभ प्रभाव डालती हैं, बल्कि आपके पूरे दिन को मंगलमय और उन्नति की ओर मार्गदर्शित करती हैं।

वास्तु: सुबह उठते ही यदि आप भगवान शिव के शिवलिंग या मूर्ति का दर्शन करते हैं, तो इससे घर में शांति और समृद्धि का वास होता है। यह विशेष रूप से धन और मानसिक शांति लाने में मदद करता है। शिव के दर्शन से नकारात्मकता दूर होती है और हर तरह की परेशानियों से मुक्ति मिलती है।

अन्य लाभ: विशेष रूप से महाशिवरात्रि के दिन इस उपाय का महत्व बढ़ जाता है। घर में आकर यह ऊर्जा घर के प्रत्येक सदस्य को लाभ पहुंचाती है।

दीपक की लौ या तेल का दीपक देखना - वास्तु: सुबह उठते ही अगर आप घर में जलते दीपक या तेल के दीपक की लौ देखते हैं, तो यह एक शुभ संकेत माना जाता है। दीपक की लौ सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक होती है। इसे देखने से मन शांत रहता है और दिन की शुरुआत शुभ होती है।

अन्य लाभ : यह विशेष रूप से घर में दरिद्रता को दूर करने और आर्थ?िक लाभ लाने में मदद करता है।

प्यारे और शांतिपूर्ण चित्र या तस्वीरें

वास्तु : घर में सुंदर, शांतिपूर्ण और सकारात्मक चित्रों को देखना शुभ माना जाता है जैसे लक्ष्मी जी की तस्वीर, कुबेर की मूर्ति, समुद्र का दृश्य, प्रकृति से जुड़े चित्र आदि। ये सभी चित्र घर में समृद्धि और शांति का प्रतीक होते हैं।

अन्य लाभ: विशेष रूप से आप यदि इन चित्रों को सुबह उठते ही देखें, तो दिन भर की स्थिति सकारात्मक रहेगी और आपकी मेहनत में सफलता मिलेगी।

तुलसी के पौधे को देखना

वास्तु: घर में तुलसी का पौधा रखना और उसे सुबह जल देना एक बहुत शुभ उपाय है। तुलसी के पौधे को देखने से घर में धन, सुख और समृद्धि का वास होता है। यह पौधा विशेष रूप से मानसिक शांति और आस्था का प्रतीक माना जाता है।

अन्य लाभ : तुलसी की पूजा से घर में नकारात्मकता कम होती है और स्वास्थ संबंधी लाभ भी मिलते हैं।



चांदी या सोने की वस्तु का दर्शन

वास्तु: यदि आप सुबह उठते ही चांदी या सोने की कोई छोटी सी वस्तु देखते हैं जैसे चांदी की छड़ी, सिक्के या कोई आभूषण तो यह दिन भर के लिए धन और समृद्धि के संकेत होते हैं। यह खासतौर पर व्यापारियों के लिए बहुत शुभ होता है।

अन्य लाभ : इस प्रकार की वस्तुओं को देखना आर्थ?िक समृद्धि की ओर इशारा करता है और सकारात्मक विचारों का प्रवाह करता है।

घर के पूर्व दिशा में सूर्योदय देखना

वास्तु: सूर्योदय का दृश्य सबसे शुभ माना जाता है, विशेष रूप से यदि यह पूर्व दिशा से दिखाई देता हो। सूर्योदय को देखने से जीवन में नयापन और ऊर्जा का संचार होता है।



# टी-20 विश्व कप : सबसे तेज शतक लगाने वालों में फिन एलेन सबसे आगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप में तेज शतक लगाने वालों में अगर छह लोगों की सूची देखा जाए तो उसमें कोई भी भारतीय नहीं हैं। इस सूची में एक समय पर क्रिस गेल का दबदबा था। जो इस विश्वकप में टूट गया हैं। 22 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ सिर्फ 45 गेंदों में शतक जड़ दिया और 48 गेंदों में 105 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस प्रदर्शन के साथ बेथल टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए। इससे पहले न्यूज़ीलैंड के फिन एलेन ने विश्व कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में सिर्फ 33 गेंदों में शतक बनाकर यह टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक दर्ज किया था। इस कारनामे के दौरान वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज क्रिस गेल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। गेल ने साल 2016 के टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में शतक लगाया था, जिसे अब बेथल ने पीछे छोड़ दिया।

टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में क्रिस गेल की छाप अब भी बनी हुई है। गेल ने साल 2016 में 47 गेंदों में शतक लगाया और साल 2007 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 50 गेंदों में शतक जमाया था। उनके शतक में 57 गेंदों में 10 छक्के और 7 चौके शामिल थे, जिससे उन्हें यूनिवर्स बॉस का खिताब भी मिला।

इस सूची में पांचवें स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक का नाम है, जिन्होंने 2026 टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 50 गेंदों में शतक बनाया। वहीं, छठवें नंबर पर न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैक्कुलम का नाम है, जिन्होंने साल 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 51 गेंदों में शतक जड़ा था।

जेकब बेथल का यह रिकॉर्ड उनके युवा करियर की एक और बड़ी उपलब्धि साबित हुआ है। इस शतक ने न केवल टीम इंग्लैंड को सेमीफाइनल में मजबूती दी, बल्कि टी-20 विश्व कप के इतिहास में बेथल का नाम भी सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में अमर कर दिया। उनके खेल से यह साफ हो गया कि युवा खिलाड़ी बड़े मुकाबलों में दबाव में भी शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

**टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले टॉप-6 बैटर**

फिन एलेन- 33 गेंदों में बनाम साउथ अफ्रीका (2026)

जेकब बेथल-45 गेंदों में बनाम भारत (2026)

क्रिस गेल-47 गेदों में बनाम इंग्लैंड (2016)

क्रिस गेल-50 गेंदों में बनाम साउथ अफ्रीका (2007)

हैरी ब्रुक- 50 गेदों में बनाम पाकिस्तान (2026)

ब्रैंडन मैक्कुलम- 51 गेंदों में बनाम बांग्लादेश (2012)




# फीफा विश्व कप 2026 के लिए मेक्सिको में 1 लाख सुरक्षाकर्मियों की तैनाती

**मेक्सिको सिटी (एजेंसी)।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने घोषणा की है कि इस वर्ष होने वाले 2026 फीफा विश्व कप 23वां फीफा विश्व कप होगा जो कि फुटबॉल का एक अंतर्राष्टीय टूर्नामेंट है. के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 1 लाख सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने जलिस्को राज्य की राजधानी ग्वाडालाजारा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि देश विश्व कप की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शीनबाम ने कहा कि सरकार जलिस्को और पूरे देश के लोगों की शांति, सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विश्व कप के दौरान मेक्सिको आने वाले लाखों दर्शकों और खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जाएगा।

यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब हाल ही में एक सैन्य अभियान में कुख्यात कार्टेल सरगना की मौत के बाद देश के कई हिस्सों में हिंसा बढ़ गई है। 22 फरवरी को उसकी मौत के बाद जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के सदस्यों ने मैक्सिकन सेना के साथ गोलीबारी की, सड़कों को जाम किया और कई वाहनों में आग लगा दी। सुरक्षा योजना के तहत 20,000 सैनिकों और 55,000 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा निजी सुरक्षा कंपनियों के कर्मियों को भी शामिल किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 2,500 सैन्य और नागरिक वाहन, 24 एयरक्राफ्ट, एंटी-ड्रोन सिस्टम और विस्फोटक व अन्य संदिग्ध वस्तुओं का पता लगाने के लिए प्रशिक्षित कुत्तों की मदद ली जाएगी।



मेक्सिको के सैन्य अधिकारी को इस बड़े सुरक्षा अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि पहली चुनौती अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने एक भरोसेमंद, सुरक्षित और सुव्यवस्थित मेक्सिको पेश करना है। साथ ही, सरकार को उन खतरों का भी सामना करने के लिए तैयार रहना होगा जो राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने जनवरी से विशेष प्रशिक्षण शुरू कर दिया है और आने वाले हफ्तों में इसे और तेज किया जाएगा। मेक्सिको, यूनाइटेड स्टेट और कनाडा के साथ मिलकर 11 जून से 19 जुलाई तक विश्व कप की सह-मेजबानी करेगा। मेक्सिको में कुल 13 मैच खेले जाएंगे, जिनमें पांच मेक्सिको सिटी में, चार ग्वाडालाजारा में और चार मॉन्टेरी में आयोजित होंगे।

# भारतीय वॉलीबॉल के 'गॉड' जिम्मी जॉर्ज : एक ऐसा खिलाड़ी जिसने खेल के लिए छोड़ दिया था मेडिकल करियर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में वॉलीबॉल आज भी लोकप्रियता के मामले में क्रिकेट और अन्य बड़े खेलों से पीछे है, लेकिन इस खेल को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले एक महान खिलाड़ी का नाम हमेशा याद किया जाता है जिम्मी जॉर्ज। उन्हें भारतीय वॉलीबॉल का ÷गॉड÷ कहा जाता है। उनका जन्म 8 मार्च 1955 को केरल के कन्नूर जिले के पेरवूर में हुआ था। उनके पिता जोसफ जार्ज एक वकील होने के साथ विश्वविद्यालय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी भी थे, जबकि उनकी मां मैरी जॉर्ज थीं। परिवार में खेल का माहौल होने के कारण जिम्मी को बचपन से ही वॉलीबॉल से लगाव हो गया था।

जिम्मी पढ़ाई में भी काफी अच्छे थे और उन्होंने सरकारी कॉलेज में मेडिकल सीट हासिल कर ली थी, लेकिन वॉलीबॉल के प्रति जुनून इतना ज्यादा था कि उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई छोड़कर खेल को ही अपना करियर बना लिया। महज 16 साल की उम्र में वह केरल स्टेट टीम का हिस्सा बन गए थे। कॉलेज के दिनों में उन्होंने कई पुरस्कार जीते और केरला यूनिर्वसिटी की टीम को 1973 से 1976 के बीच लगातार चार ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 1973 में वह टीम के कप्तान भी रहे। साल 1974 में तेहरान में हुए एशियन गेम्स में वह भारतीय राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम का हिस्सा बने। हालांकि भारत उस टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ सका, लेकिन 19 वर्षीय जिम्मी जॉर्ज की प्रतिभा ने सभी का ध्यान खींच लिया। 1976 में उन्होंने वॉलीबॉल पर पूरा ध्यान देने के लिए मेडिकल कॉलेज छोड़ दिया और केरल पुलिस में शामिल हो गए।

# अगरकर ने कठिन फैसलों से बदली भारतीय टीम की दिशा

**– चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर के 3 साल पूरे**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अजीत आगरकर जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने, तब परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण थीं। उन्हें यह जिम्मेदारी चेतन शर्मा की जगह दी गई थी, जिन्हें एक टीवी स्टिंग ऑपरेशन के बाद पद से हटना पड़ा था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में कई ऐसे फैसले लिए गए जिन्हें उस समय साहसिक माना गया, लेकिन बाद में उनके सकारात्मक परिणाम सामने आए। क्रिकेट में चयनकर्ता की भूमिका अक्सर विकेटकीपर जैसी मानी जाती है। अच्छे फैसलों पर भले ही कम सराहना मिले, लेकिन एक गलती पर कड़ी आलोचना झेलनी पड़ती है। अगरकर के कार्यकाल में भी यही स्थिति देखने को मिली। वर्ष 2020-21 में जब चयन समिति के अध्यक्ष का पद खाली हुआ था, तब अगरकर ने भी आवेदन किया था, लेकिन उस समय चेतन शर्मा को यह जिम्मेदारी मिली। बाद में 2023 में अगरकर को यह पद सौंपा गया और इसके बाद वह अपने फैसलों के कारण लगातार चर्चा में रहे।

भारत की चयन समितियों के इतिहास में दिलीप वेंगसरकर और कृष्णाचारी श्रीकांत के बाद अगरकर का कार्यकाल भी काफी प्रभावशाली माना जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार बड़े टूर्नामेंट 2023 आईसीसी वर्ल्डकप, 2024 आईसीसी मेंस टी20 विश्वकप, 2025 आईसीसी चैम्पियनशिप ट्राफी और 2026 आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्डकप के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीतता है तो यह तीन वर्षों में तीसरी बड़ी ट्रॉफी होगी।



टीम की सफलता का श्रेय अक्सर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को मिलता है, लेकिन बड़े टूर्नामेंट के लिए मजबूत टीम तैयार करने में चयनकर्ताओं की भूमिका भी बेहद अहम होती है। अगरकर के कार्यकाल में कई ऐसे फैसले लिए गए जिनके लिए मजबूत विश्वास की जरूरत थी। उदाहरण के तौर पर हार्दिक पाण्डया की जगह सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम का कप्तान बनाना एक बड़ा फैसला था।

इसके अलावा वनडे टीम की कप्तानी से रोहित शर्मा को हटाने का निर्णय भी काफी संवेदनशील माना गया। इन दोनों मामलों में अगरकर ने आलोचनाओं से बचने की कोशिश नहीं की, बल्कि खुले तौर पर फैसलों का समर्थन किया। उनका मानना था कि टीम चयन केवल आंकड़ों के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि खिलाड़ियों की भूमिका, टीम संतुलन और रणनीतिक सोच भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति में एस शरत (जिनकी जगह बाद में प्रज्ञान ओझा आए), सुब्रता बनर्जी (जिनकी जगह आरपी सिंह को शामिल किया गया), एसएस दास और अजय रात्रा जैसे सदस्य शामिल रहे। इन सभी ने मिलकर भारतीय टीम के लिए एक मजबूत और संतुलित संयोजन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# फर्स्ट क्लास क्रिकेट : न्यूजीलैंड के रैंडेल ने 5 गेंदों पर 5 विकेट लेकर इतिहास रचा



ऑकलैंड । न्यूजीलैंड के उभरते हुए तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक नया विश्व रिकार्ड बनाया है। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से खेलते हुए इस गेंदबाज ने लगातार 5 गेंदों पर 5 विकेट लेकर सभी को हैरान कर दिया। रैंडेल ने यह उपलब्धि उन्होंने प्लंकेट शील्ड मैच में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ बनाया। एक रिकॉर्ड के अनुसारसाल 1772 में पहला मान्यता प्राप्त फर्स्ट क्लास मैच खेले जाने के बाद से ही अब तक किसी भी गेंदबाज ने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट नहीं लिए थे। ऐसे में रैंडेल यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। रैंडेल ने अपने दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर हैरी कूपर जबकि इसके बाद अगले ओवर की पहली गेंद पर पूर्व टेस्ट बल्लेबाज जीत रावल को आउट कर दिया। इसके बाद लगातार तीन और गेंदों पर तीन विकेट लिए। ऑलराउंडर क्रिस्टीयन क्लार्क का विकेट उनका पांच विकेट था। रैंडेल इस रिकार्ड को बनाने से बेहद खुश नजर आये। उन्होंने कहा कि ये किसी सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने बताया कि उनका ध्यान केवल सही लाइन और लेंथ पर गेंद डालने का था। हैट्रिक के बाद भी वह विकेट लेने पर ध्यान देते रहे। रैंडेल ने अपने अगले ओवर में दो और विकेट लिए। उनकी इस गेंदबाजी से नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की पूरी टीम केवल 82 रन पर ही सिमट गयी।

# कनाडा ने शीबिलीव्स कप में अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया

हैरिसन (अमेरिका)। गोलकीपर केलेन शेरिडन ने शुरुआती दो पेनल्टी बचाई जिससे कनाडा ने शीबिलीव्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गोल रहित ड्रॉ के बाद अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया। जोर्डिन हुइतेमा को पहले हाफ में कनाडा की ओर से गोल दागने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन अर्जेन्टीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने उनके शॉट पर हाथ मार दिया जिसके बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। शीबिलीव्स कप के नए नियमों के अनुसार मैच में अतिरिक्त समय का खेल नहीं होता और नतीजे के लिए सीधे पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया जाता है। शेरिडन ने अर्जेन्टीना के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया और कनाडा ने तब जीत सुनिश्चित की जब विरोधी टीम की वेनिना प्रेनिंगर का शॉट क्रॉसबार से ऊपर से बाहर निकल गया।



# आईसीसी पर बरसे डी कॉक

नई दिल्ली । मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण भारत की जूनियर टीम युवा मुक्केबाजी विश्वकप में भाग नहीं ले पायी है। भारतीय जूनियर मुक्केबाजी टीम मोंटेनेग्रो में होने वाले इस टूर्नोमेंट में हिस्सा लेने वाली थी पर वीजा नहीं मिलने के कारण टीम को इस टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं मिली। भारतीय जूनियर मुम्केबाजी टीम को मोंटेनेग्रो के बुडवा शहर में आयोजित होने वाले युवा विश्वप कप में भाग लेना था। इसमें कई देशों की युवा टीमें हिस्सा लेने वाली थीं। भारत की ओर से 10 खिलाड़ियों की टीम इस टूर्नामेंट के लिए चयनित की गयी थी। टीम में पांच लड़के और पांच लड़कियां शामिल थे। खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी भी पूरी कर ली थी पर मोंटेनेग्रो का दूतावास भारत में नहीं होने के कारण उन्हें समय पर वीजा और जरुरी दस्तावेज नहीं मिल पाये थे। खिलाड़ियों के वीजा की प्रक्रिया पूरी करने के लिए यूएई स्थित मोंटेनेग्रो की एम्बेसी की सुविधा ली जा रही थी पर खाड़ी में संघर्ष शुरु होने से खिलाड़ियों को वहां भेजना संभव नहीं था। सभी 10 खिलाड़ियों के पासपोर्ट यूएई भेज दिए गए ताकि वहां वीजा की औपचारिकताएं पूरी की जा सकें।आमतौर पर वीजा स्टैम्प होने के बाद पासपोर्ट दो से तीन दिनों के भीतर वापस भेज दिए जाते हैं पर इस बार हालात अलग थे। अचानक बढ़े तनाव और के कारण पासपोर्ट समय पर भारत वापस नहीं भेजे जा सके।रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ियों के पासपोर्ट 20 फरवरी को वीजा स्टैम्पिंग के लिए जमा कर दिए गए थे। भारतीय टीम की फ्लाइट टिकट भी तैयार रखी गई थी और उन्हें स्टैंडबाय पर रखा गया था ताकि पासपोर्ट मिलते ही टीम तुरंत रवाना हो सके। हालांकि समय बीतता गया, लेकिन पासपोर्ट वापस नहीं पहुंचे। इसी वजह से अंत में भारतीय टीम को टूर्नामेंट से हटना पड़ा।



# इंटर मियामी ने डी.सी. यूनाइटेड को 2-1 से हराया, मेसी और डी पॉल ने मारा गोल

**बाल्टीमोर (एजेंसी)।** मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल और कप्तान लियो मेसी के गोल की मदद से इंटर मियामी ने डी.सी. यूनाइटेड को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ इंटर मियामी ने 3 अंक हासिल किए। मियामी ने 17वें मिनट में डी पॉल की मदद से पहला गोल कर बढ़त बनाई। बर्टेराम ने बाईं ओर से दबाव बनाया और एंडलाइन के पास गेंद पर कब्जा किया, फिर बॉक्स के अंदर सेगोविया के लिए पास वापस किया। फिर सेगोविया ने बॉक्स के दाईं ओर डी पॉल को पाया, जहां एल मोटोरसिटो ने टच लिया और फिर दाएं पैर से टॉप-लेफ्ट कॉर्नर पर हिट किया। यह असिस्ट सेगोविया का इस रेगुलर सीजन का तीसरा असिस्ट था। मेसी ने 27वें मिनट में दूसरा गोल करके इंटर मियामी की बढ़त 2-0 कर दी। इस गोल से मेसी के इस रेगुलर सीजन में तीन गोल हो गए, जबकि यह असिस्ट सिल्वेटी का पहला गोल था। यह गोल इंटर मियामी के लिए मेसी का 80वां गोल था।



मेजबान टीम की तरफ से दूसरे हाफ में 75वें मिनट में ताई बारिबो ने पहला गोल किया। इंटर मियामी की सीजन में यह लगातार दूसरी जीत है। हेड कोच जेवियर माशेरानो ने कहा, 'मुझे लगता है कि पहला हाफ बहुत अच्छा था। हमने गेम को नियंत्रित किया, हमने फर्क पैदा किया और मौके बनाए। शायद दूसरे हाफ में हमने ज्यादा संघर्ष किया। मुझे लगता है कि हमें सकारात्मक चीजों को महत्व देना होगा। तीन अवे गेम में, हमने दो जीत हासिल की हैं। सुधार करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन जीत के बाद सुधार करना हमेशा बेहतर होता है।' इंटर मियामी का अगला मुकाबला बुधवार को कॉनकाकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ 16 के पहले लेग में नैशविले एससी से होगा।

# भारत को एएफसी महिला एशियाई कप में जापान ने 11–0 से रौंदा

पर्थ। भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शनिवार को यहां एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) महिला एशियाई कप के ग्रुप सी के अपने दूसरे मुकाबले में पूर्व चैंपियन जापान से 0–11 से करारी हार का सामना करना पड़ा। फीफा महिला विश्व कप के पूर्व चैंपियन और विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान मैच शुरू होने से पहले ही जीत का प्रबल दावेदार था। टीम ने मुकाबले शुरू होते ही अपना दबदबा कायम किया और शुरूआती हाफ में 5–0 की बढ़त बनाकर अपनी जीत लगभग पक्की कर ली। टीम ने दूसरे हाफ में भी छह गोल दागे। जापान ने जिस अंदाज में दबदबा बनाया उससे दोनों टीमों के स्तर में भारी अंतर साफ नजर आया और यह भी दिखा कि शीर्ष स्तर की टीमों से मुकाबला करने के लिए भारत को अभी लंबा सफर तय करना है। 2014 और 2018 के चैंपियन जापान ने मैच में एकतरफा अंदाज में गेंद पर कब्जा बनाए रखा और अधिकांश समय खेल भारतीय हाफ में ही चला। चार महीने से अंतरराष्ट्रीय मैच खेले बिना टूर्नामेंट में उतरी भारतीय टीम पूरे मुकाबले में किसी क्लब टीम की तरह संघर्ष करती दिखी। जापान के लिए युजुकी यामामोटो (चौथे मिनट), युई हसेगावा (13वें), हिनाता मियाजावा (20वें, 35वें, 81वें), किको सेइके (45+5वें, 55वें), रिको उईकी (47वें, 50वें, 65वें) और माया हिजिकाता (62वें) ने गोल दागे।

# ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में हारे लक्ष्य लक्ष्य, लिन चुन–यी ने दी मात




बर्मिंघम। भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन यहां ऑल इंग्लैंड ओपन के पुरुष सिंगल्स फाइनल में अपने विरोधी लिन चुन–यी से हार गए। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में फिर से चैंपियन देखने का देश का इंतजार जारी रहा। 24 साल के भारतीय खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन बाएं हाथ के ताइवानी शटलर की चुनौती को पार नहीं कर सके और कड़े खिताबी मुकाबले में 15–21, 20–22 से हार गए। यह सेन की लिन से लगातार पांचवीं हार थी और टूर्नामेंट में दूसरे रनर–अप रहे। उन्होंने 2022 में भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन फिनिश लाइन पार नहीं कर सके थे। सेन ने शनिवार को सेमीफाइनल में मुश्किल जीत के दौरान छालों और ऐंठन से जूझते हुए जीत हासिल की। उन्होंने पूरे हफ्ते एक जोशीला अभियान चलाया जिसमें लिन के खिलाफ खिताबी मुकाबले में हारने से पहले कई ऊंची रैंक वाले विरोधियों को हराया। इतिहास में सिर्फ दो भारतीय प्रकाश पादुकोण (1980) और पी गोपीचंद (2001) ने ऑल इंग्लैंड ओपन में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीता है।

# मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण भारतीय जूनियर मुक्केबाजी टीम विश्वकप में भाग नहीं ले पायी

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण भारत की जूनियर टीम युवा मुक्केबाजी विश्वकप में भाग नहीं ले पायी है। भारतीय जूनियर मुक्केबाजी टीम मोंटेनेग्रो में होने वाले इस टूर्नोमेंट में हिस्सा लेने वाली थी पर वीजा नहीं मिलने के कारण टीम को इस टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं मिली। भारतीय जूनियर मुम्केबाजी टीम को मोंटेनेग्रो के बुडवा शहर में आयोजित होने वाले युवा विश्वप कप में भाग लेना था। इसमें कई देशों की युवा टीमें हिस्सा लेने वाली थीं। भारत की ओर से 10 खिलाड़ियों की टीम इस टूर्नामेंट के लिए चयनित की गयी थी। टीम में पांच लड़के और पांच लड़कियां शामिल थे। खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी भी पूरी कर ली थी पर मोंटेनेग्रो का दूतावास भारत में नहीं होने के कारण उन्हें समय पर वीजा और जरुरी दस्तावेज नहीं मिल पाये थे। खिलाड़ियों के वीजा की प्रक्रिया पूरी करने के लिए यूएई स्थित मोंटेनेग्रो की एम्बेसी की सुविधा ली जा रही थी पर खाड़ी में संघर्ष शुरु होने से खिलाड़ियों को वहां भेजना संभव नहीं था। सभी 10 खिलाड़ियों के पासपोर्ट यूएई भेज दिए गए ताकि वहां वीजा की औपचारिकताएं पूरी की जा सकें।आमतौर पर वीजा स्टैम्प होने के बाद पासपोर्ट दो से तीन दिनों के भीतर वापस भेज दिए जाते हैं पर इस बार हालात अलग थे। अचानक बढ़े तनाव और के कारण पासपोर्ट समय पर भारत वापस नहीं भेजे जा सके।रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ियों के पासपोर्ट 20 फरवरी को वीजा स्टैम्पिंग के लिए जमा कर दिए गए थे। भारतीय टीम की फ्लाइट टिकट भी तैयार रखी गई थी और उन्हें स्टैंडबाय पर रखा गया था ताकि पासपोर्ट मिलते ही टीम तुरंत रवाना हो सके। हालांकि समय बीतता गया, लेकिन पासपोर्ट वापस नहीं पहुंचे। इसी वजह से अंत में भारतीय टीम को टूर्नामेंट से हटना पड़ा।



# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने जीत के साथ हीली को दी यादगार विदायी

**– एकमात्र गुलाबी टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से हराया**

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** पर्थ (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां गुलाबी गेंद से हुए दिन-रात के एकमात्र टेस्ट मैच में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में बड़ी जीत के साथ ही मेजबान ऑस्ट्रेलयाई टीम ने कप्तान एलिसा हीली को यादगार विदायी दी है। इस मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाली एनेबेल सदरलैंड को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब मिला।

इस मैच में मेजबान टीम हावी रही। भारतीय टीम के लिए केवल राहत की इतनी ही बात रही कि वह फॉलो-ऑन बचाने में सफल रही पर दूसरी पारी में अधिक रन नहीं बना पायी जिससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 25 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ने बिना कोई विकेट गंवाए ही ये लक्ष्य हासिल कर लिया।

इस मैच में भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल और स्नेह राणा ने अच्छी बल्लेबाजी कर तीसरे दिन भारत को 6 विकेट पर 105 रनों से आगे बढ़ाया। प्रतिका और राणा ने शुरुआत से ही अच्छी बल्लेबाजी की। प्रतिका ने अर्धशतक लगाया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 50 रन बनाये। एश्ले गार्डनर ने राणा को 30 रन पर आउट कर भारतीय टीम को करारा झटका दिया।

इसके बाद भारतीय टीम के निचले क्रम की बल्लेबाज अधिक नहीं खेल पायीं। केवल प्रतिका ही अंत तक खेलती रही। प्रतिका 137 गेंदों में 8 चौके लगाकर 63 रन बनाकर आउट हुई। भारत की पूरी टीम दूसरी पारी में 149 रन ही बना पायी। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 323 रन जबकि भारतीय टीम ने 198 रन बनाये थे। इस प्रकार मेजबानों को पहली पारी के आधार पर काफी बढ़त मिली हुई थी। इसके बाद जीत के लिए मिले 25 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाए। पांचवें ओवर में ही जॉर्जिया वोल ने लगातार तीन चौके लगाकर अपनी टीम को 10 विकेट से जीत दिला दी। इस मैच में सदरलैंड छायी रहीं। सदरलैंड ने दोनो पारी को मिलाकर कुल छह विकेट लेने के साथ ही 129 रन भी बनाये।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना महज 4 रन बनाकर आउट हुईं. प्रतीका रावल ने 3 चौकों की मदद से 18 रन बनाने के बाद एनाबेल सदरलैंड का शिकार बनीं।पहली पारी में हैमिल्टन ने भारतीय बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। जेमिमा रोड्रिग्स ने ही केवल अर्धशतक लगाया। भारतीय टीम पहली पारी में 62.4 ओवर में 198 रन पर आउट हुई एनाबेल ने चार विकेट लिए जबकि लुसी ने तीन विकेट लिए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी ठीक नहीं रही। एलिसा भी सस्ते में आउट हो गईं, लेकिन एलिसे पेरी और एनाबेल ने चौथे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी की। पेरी ने 116 गेंदों में 76 रन बनाए जबकि एनाबेल ने 129 रन की शानदार पारी खेली जिसमें 17 चौके शामिल थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलियाई टीम को 323 रन तक पहुंच गया। वहीं भारतीय टीम की ओर से सयाली सतघरे ने सबसे अधिक चार विकेट लिए।



## एक रुपये में जूते वाले ऑफर से मचा हंगामा, भीड़ नियंत्रित करने पुलिस ने भांजी लाठी

कोझिकोड (एजेंसी)। केरल के कोझिकोड में मात्र 1 रुपये में जूते देने के एक प्रचार ऑफर ने रविवार को भारी हंगामे का रूप ले लिया। बड़ी संख्या में लोग ऑफर का फायदा उठाने के लिए पहुंच गए, जिससे हालात बेकाबू हो गए और पुलिस को भीड़ नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, दुकान ने पहले 100 ग्राहकों को सिर्फ 1 रुपये में महंगे जूते देने का विज्ञापन जारी किया था। यह विज्ञापन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद सैकड़ों लोग तड़के ही दुकान के बाहर पहुंचने लगे। बताया जा रहा है कि कई लोग रात 2 बजे से ही लाइन में लग गए थे। पुलिस के अनुसार, दुकान की क्षमता से कहीं ज्यादा भीड़ जमा हो गई, जिसमें बच्चे भी शामिल थे। कुछ लोग दूर-दराज के जिलों से भी पहुंचे थे। भारी भीड़ के कारण इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और यातायात भी पूरी तरह बाधित हो गया। स्थिति जब नियंत्रण से बाहर हो गई, तो पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना के बाद तनाव फैलाने और अव्यवस्था पैदा करने के आरोप में दुकान के मालिक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## युद्ध गप्प विरुद्ध पोस्टर लगा कांग्रेस ने आप को घेरा, कहा- पंजाब सरकार की वादा खिलाफी उजागर

जालंधर (एजेंसी)। जालंधर में कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ चुनावी प्रचार तेज करते हुए युद्ध गप्प विरुद्ध अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत नकोदर और शाहकोट समेत कई इलाकों में पोस्टर लगाए गए हैं, जो राजनीतिक चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। पोस्टरों में स्पष्ट रूप से लिखा गया है युद्ध गप्प विरुद्ध और पंजाब सरकार पर महिलाओं के लिए किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया गया है। इन पोस्टरों में अखबार पकड़े एक महिला की तस्वीर दिखाई गई है, जबकि नकोदर क्षेत्र में लगे पोस्टरों पर शाहकोट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हरदेव सिंह लाडी शेरोवालिया और नवजोत सिंह दहिया की तस्वीरें भी शामिल हैं। पोस्टरों में यह भी लिखा गया है कि अब इंतजार खत्म हुआ, और 18 वर्ष से ऊपर की हर महिला को 4 साल के लिए 48,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। कांग्रेस का उद्देश्य पंजाब सरकार को घेरना और महिलाओं से किए गए वादों की याद दिलाना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जालंधर के लगभग हर गांव के घरों की दीवारों पर यह पोस्टर देखे जा सकते हैं, जिसके चलते राजनीतिक बहस और चर्चा तेज हो गई है। कांग्रेस के इस अभियान को क्षेत्रीय स्तर पर चुनावी संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें आप की नीतियों और वादाखिलाफी पर जोर दिया गया है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जावेद सिद्दीकी को अंतरिम जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली की एक अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में जावेद सिद्दीकी को दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी है। अदालत ने यह राहत उनकी पत्नी के गंभीर स्वास्थ्य हालात को देखते हुए दी, जिनका स्टेज-4 ओवेरियन कैंसर का इलाज चल रहा है। यह आदेश अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने शनिवार को सुनाया। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी की पत्नी की कीमोथेरेपी चल रही है और इस कठिन समय में उन्हें परिवार के सदस्य के सहयोग की आवश्यकता है। इसी आधार पर अदालत ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए दो सप्ताह की अंतरिम जमानत मंजूर की। यहां बताते चलें कि जावेद सिद्दीकी अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन हैं और उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामला दर्ज किया गया है, जिसकी जांच केंद्रीय एजेंसियां कर रही हैं। यह मामला लाल किला ब्लास्ट केस से जुड़े कथित वित्तीय लेनदेन से संबंधित बताया जा रहा है। अदालत ने जमानत देते हुए कई सख्त शर्तें भी लगाई हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जावेद सिद्दीकी बिना अनुमति के दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से बाहर नहीं जा सकेंगे। इसके अलावा उन्हें अपना मोबाइल फोन हमेशा सक्रिय रखना होगा और अपना पासपोर्ट अदालत में जमा करना होगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान वह मामले से जुड़े किसी भी गवाह या शिकायतकर्ता से संपर्क नहीं करेंगे। यदि इन शर्तों का उल्लंघन होता है तो जमानत रद्द की जा सकती है।

## भारत लौट कर अच्छा लगा भारत और दुबई सरकार ने हमारी खूब मदद की

### -यह महसूस नहीं हुआ कि हम एक युद्धग्रस्त देश में फंसे हैं या सुरक्षित नहीं

पुणे (एजेंसी)। मिडिल ईस्ट में बढ़ते संघर्ष के बीच दुबई से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालकर वापस लाया गया है। पुणे एयरपोर्ट पर उतरने के बाद भारतीय नागरिकों के चेहरे पर खुशी नजर आई उन्होंने सरकार की तारीफ की। दुबई से पुणे एयरपोर्ट पहुंची महिला यात्री ने कहा कि शुरू में जब लड़ाई शुरू हुई तो डर लग रहा था, लेकिन उसके बाद कॉलेज, भारतीय दूतावास और भारत सरकार ने बहुत मदद की। सब कुछ बहुत अच्छा था।

उन्होंने कहा कि वापस लौटकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम जल्द लड़ाई रुकने की उम्मीद करते हैं, जिससे वापस कॉलेज लौट सकें और पढ़ाई कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि सरकार बहुत ही ईमानदारी के साथ अच्छा काम कर रही है। हम अपनी भारत सरकार पर भी गर्व करते हैं। एक अन्य महिला यात्री ने बताया कि हम ऑफिस वर्क के लिए 15 दिन की यात्रा पर गए थे। हमें बिल्कुल भी यह महसूस नहीं हुआ कि हम एक युद्धग्रस्त देश में जाकर फंसे हैं या सुरक्षित नहीं हैं। हम सभी के लिए दुबई सरकार ने अच्छी सुरक्षा दी थी। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ दूर से धमाकों की आवाजें आती थीं, लेकिन वहां बिल्कुल भी खतरनाक या पैनिक की स्थिति नहीं थी। एक अन्य यात्री ने बताया कि जब हम लोग एयरपोर्ट पर पहुंचे थे, तभी मिसाइल अटैक का अलर्ट आया था। सभी लोगों को नीचे बंकर में ले जाया गया। कुछ समय के बाद जब स्थिति सामान्य हो गई, तब लोगों को बाहर लाया गया। हमें बाद में पता चला कि उन मिसाइलों को मार गिराया गया है। दुबई से पुणे एयरपोर्ट पहुंचे यात्री एक और यात्री ने कहा कि उसने फ्लाइट बुक की थी, लेकिन उसमें देरी हो रही थी। स्पाइसजेट की वजह से मैं यहां टाइम पर पहुंच गया। उन्होंने फ्लाइट्स कैंसिल नहीं कीं। मैं एक हफ्ते तक फंसा रहा। वापस आकर मुझे अच्छा लग रहा है। दुबई से पुणे एयरपोर्ट पहुंचे यात्री ने कहा कि मैं वहां छह साल से काम कर रहा हूं। हमें कुछ शोर सुनाई दे रहा था, लेकिन वहां सब ठीक है। यूएई सरकार सभी का बहुत अच्छे से ख्याल रख रही है।

# तमिलनाडु चुनाव से पहले टीवीके चीफ विजय के बड़े वादे: बुजुर्ग महिलाओं को 2,500 रुपये, विवाह में सोने की अंगूठी



चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के बीच अभिनेता-नेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के संस्थापक विजय ने महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई बड़े वादों की घोषणा की है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मामल्लपुरम में आयोजित समारोह में विजय ने बुजुर्ग महिलाओं के लिए हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता, साल में छह एलपीजी सिलेंडर मुफ्त, विवाह के लिए आठ ग्राम सोना और सिल्क साड़ी देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि राज्य में जन्मे प्रत्येक बच्चे को सरकार की ओर से एक सोने की अंगूठी दी जाएगी, जो परिवार और बच्चों की भलाई का प्रतीक होगी।

### महिलाओं और सुरक्षा के लिए पहल

विजय ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की घोषणा की और सार्वजनिक परिवहन में स्मार्ट पैनिक बटन लगाने की योजना भी साझा की। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में तेज न्याय सुनिश्चित करने के लिए ÷अंजलाई अम्मल फास्ट-ट्रैक अदालत÷ का गठन किया जाएगा। राज्यभर में 500 विशेष सुरक्षा टीमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम करेंगी।

### शिक्षा और आर्थिक समर्थन

उन्होंने 'कामराज शिक्षा आश्वासन स्कीम' के तहत कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों की शिक्षा बिना रुकावट पूरी करने की गारंटी देने की घोषणा की। इसके लिए परिवारों को सालाना 15,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाओं को 5 लाख रुपये तक ब्याज-मुक्त वित्तीय सहायता देने का भी वादा किया गया।

### परिवार कल्याण और सामाजिक सुरक्षा

विजय ने बुजुर्ग महिलाओं के लिए 'अन्नापूर्णी सुपर 6' स्कीम के तहत साल में छह एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देने, और शादी में महिलाओं की मदद के लिए ÷अन्नन सीर÷ योजना लागू करने की बात कही। इसके साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता बढ़ाने के लिए राशन दुकानों के माध्यम से मुफ्त सेनेटरी नैपकिन वितरित किए जाएंगे।

टीवीके प्रमुख ने कहा कि पार्टी सत्ता में आने के बाद इन सभी कल्याण योजनाओं को तुरंत लागू करेगी। महिलाओं, बच्चों और परिवारों पर केंद्रित यह घोषणाओं का बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है, जिससे तमिलनाडु में चुनावी तैयारियों को बढ़ावा मिलेगा।

## ईरान युद्ध के बीच भारत ले सकता है फैसला, जहाजों की सुरक्षा के लिए नौसेना की तैनाती पर विचार

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में उपजे सुरक्षा संकट के बीच भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाने के संकेत दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, पर्शियन गल्फ में फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए भारतीय नौसेना की तैनाती पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में अगले 48 घंटों के भीतर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। यदि योजना को हरी झंडी मिलती है, तो भारतीय नौसेना के युद्धपोत इन जहाजों को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित गलियारे से बाहर निकालेंगे।

## भारत के लोग आजाद और खुद फैसले लेने वाले हैं, हम दूसरे देश का आदेश नहीं मानते

### -फिल्म अभिनेता कमल हासन ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए लिखा ओपन पत्र

नई दिल्ली (एजेंसी)। फिल्म अभिनेता कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक ओपन पत्र लिखा है। पत्र में हासन ने ट्रंप को अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन



ने ट्रम्प की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रुस से तेल खरीदने की अस्थायी छूट दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कमल हासन ने एक्स पर लिखा- सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प। माननीय राष्ट्रपति जी, हम भारत के लोग एक आजाद और अपने फैसले खुद लेने वाले देश के नागरिक हैं। अब हम किसी दूसरे देश से आदेश नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखिए। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक। संस्थापक- मक्कल नीधि माइअम। बता दें मिडिल-ईस्ट में जंग के कारण स्थिति काफी गंभीर है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को ब्लॉक कर दिया है, जहां से दुनिया की 20फीसदी तेल सप्लाई होती है। ऐसे में भारत में भी तेल के दाम बढ़ने का अनुमान था। इसी बीच अमेरिका ने भारत को 3 अप्रैल तक रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट दी है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। कमल हासन की पोस्ट सामने आने के बाद कई यूजर्स सवाल उठा रहे हैं कि वह किस हैसियत से इंडिया की तरफ से बयान दे रहे हैं। कई लोग इसे ड्रामा बता रहे हैं तो कुछ का कहना है कि भारत को किसी भी देश की तरफ से कोई आदेश नहीं दिया गया है, जैसा कि कमल ने पोस्ट में कहा है।

## अब राज्यपाल गुरमीत सिंह का हेलीकॉप्टर हुआ खराब, श्रीनगर में इमरजेंसी लैंडिंग

### -एक दिन पहले ही केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर में भी आई थी समस्या



श्रीनगर (एजेंसी)। उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह के हेलीकॉप्टर की रविवार को श्रीनगर के पास इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर में तकनीकी दिक्कत या खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया। हालांकि राज्यपाल समेत सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं।

बताया गया कि गुरमीत सिंह गैंसरण में विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर से जा रहे थे। इसी दौरान श्रीनगर के पास हेलीकॉप्टर में समस्या आने की सूचना मिली, जिसके बाद पायलट ने सावधानी बरतते हुए आपात लैंडिंग कराई। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस अलर्ट हो गए और राज्यपाल को हेलिपैड से सीधे पुलिस गेस्ट हाउस ले जाया गया। फिलहाल लैंडिंग के सही कारणों की जांच की जा रही है।

इस घटना से एक दिन पहले केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर में भी तकनीकी खराबी आ गई थी। वे कौशांबी जा रहे थे, तभी हेलीकॉप्टर में अचानक समस्या आ गई और उसकी लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। बताया गया कि उड़ान के दौरान पायलट के डैशबोर्ड का डिस्प्ले बंद हो गया था और हेलीकॉप्टर में धुआं भरने लगा था। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत हेलीकॉप्टर को एयरपोर्ट की ओर मोड़ा और सुरक्षित लैंडिंग कराई। हेलीकॉप्टर में केशव मौर्य, उनके सहयोगी, सुरक्षाकर्मी और पायलट सवार थे और सभी सुरक्षित हैं।

# बंगाल चुनाव से पहले ममता का बड़ा ऐलान, युवाओं को हर महीने मिलेगा 1500 रुपये बेरोजगारी भत्ता

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच ममता बनर्जी ने बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ा ऐलान किया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं को हर महीने 1500 रुपये भत्ता देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को आर्थिक सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करना है। ममता बनर्जी ने यह घोषणा मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में आयोजित धरना-प्रदर्शन स्थल से ही की। ममता बनर्जी ने बताया कि सरकार पहले इस योजना को 1 अप्रैल से लागू करने वाली थी, लेकिन अब इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य के युवाओं को यह एक तरह का उपहार है। इसके तहत लाभार्थियों को अब अप्रैल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा और भुगतान की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाएगी।



### कौन होंगे योजना के पात्र

मुख्यमंत्री ने योजना की पात्रता को लेकर भी जानकारी दी। इसके तहत 21 से 40 वर्ष की आयु के युवक और युवतियां आवेदन कर सकेंगे। लाभ पाने के लिए कम से कम माध्यमिक परीक्षा (कक्षा 10वीं) पास होना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्र अभी पढ़ाई कर रहे हैं और छात्रवृत्ति के अलावा किसी अन्य सरकारी योजना का लाभ नहीं ले रहे हैं, उन्हें भी इस योजना के तहत भत्ता मिल सकेगा।

### रोजगार के आंकड़े भी रखे सामने

विपक्ष के आरोपों के बीच ममता बनर्जी ने अपने शासनकाल में रोजगार के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी दर में करीब 40 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य में लगभग 40 लाख लोगों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से करीब 10 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका है। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष बांग्ला के तहत प्रशिक्षित युवाओं का डेटा उद्योगपतियों की वेबसाइटों से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें रोजगार मिलने में आसानी हुई है।

### किसानों और प्रवासी मजदूरों के लिए भी राहत

ममता बनर्जी ने भूमिहीन किसानों के लिए भी 4000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पहले यह लाभ केवल सीमित जमीन वाले किसानों को मिलता था, लेकिन अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा प्रवासी श्रमिकों को राज्य के भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लघु और मध्यम उद्योगों के क्षेत्र में करीब 1.5 करोड़ लोग कार्यरत हैं और इस क्षेत्र को और मजबूत किया जाएगा।

# होली के बाद मौसम ने बिखेरे तीन रंग, कहीं रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, कहीं बारिश और बर्फबारी का अलर्ट

### -यूपी के ज्यादातर जिलों में तेज धूप खिलेगी, कुछ जगहों पर छा सकते हैं हल्के बादल

नई दिल्ली (एजेंसी)। रंगों से भरा होली पर्व का उत्सव अब समाप्त हो गया है। इसके साथ ही मौसम ने अपने रंग बिखेरना शुरु कर दिया है। देश में इस वक्त तीन तरह की मौसमी रंग दिखाई दे रहे है। एक वो इलाका है जहां रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है तो दूसरा वो क्षेत्र है जहां बारिश हो रही है और तीसरे इलाके में बर्फबारी की संभावना है। महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्य भीषण गर्मी और लू (हीटवेव) की चपेट में हैं, वहीं उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और पूर्वी भारत में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़े बताते हैं कि गर्मी ने इस साल समय से पहले ही अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं।



महाराष्ट्र का विदर्भ क्षेत्र इस समय देश का सबसे गर्म इलाका बना हुआ है। अकोला में अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो सामान्य से करीब 4.8 डिग्री अधिक है। अमरावती, वर्धा और वाशिम जैसे शहरों में भी पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि मार्च की शुरुआत में ही तापमान का इस स्तर पर पहुंचना आने वाले महीनों के लिए एक गंभीर संकेत है। राजस्थान के बाड़मेर में भी पारा 38 डिग्री के पार जा चुका है, जिससे मरुधरा में अभी से तपिश महसूस होने लगी है।

दूसरी ओर, उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। इस बदलाव से मैदानी इलाकों, विशेषकर दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और हरियाणा में सुबह-शाम हल्की ठंडक बनी हुई है, हालांकि दोपहर की तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी गर्मी का असर बढ़ने लगा है। यूपी के बुंदेलखंड क्षेत्र में पारा 35 डिग्री के पार जा चुका है, वहीं बिहार और झारखंड में 9 से 11 मार्च के बीच मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इन राज्यों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। दक्षिण भारत में भी प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो गई हैं, जिससे केरल और तमिलनाडु के तटीय इलाकों में बारिश की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि साफ आसमान और एंटी-साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण सूरज की किरणें सीधे धरती तक पहुंच रही हैं, जिससे तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है। यदि आने वाले दिनों में पारा सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक रहता है, तो कई राज्यों में आधिकारिक तौर पर हीटवेव की घोषणा की जा सकती है।

## सामना ने अमेरिका की भूमिका और भारत के नेतृत्व पर उठाए सवाल कहा- कॉकरोच मरते नहीं...

मुंबई (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच शिवसेना (यूबीटी) ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और भारत सरकार की भूमिका पर तीखी टिप्पणी की है। पार्टी के मुखपत्र में प्रकाशित कॉकरोच मरते नहीं शीर्षक वाले लेख के माध्यम से राज्यसभा सांसद संजय राउत ने वैश्विक राजनीति, अमेरिका की रणनीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर कड़े सवाल खड़े किए हैं। लेख में दावा किया गया है कि इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले न केवल वैश्विक शांति के लिए खतरा हैं, बल्कि इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।



संजय राउत ने अपने लेख में तर्क दिया है कि युद्ध अक्सर राजनीतिक उद्देश्यों को साधने का एक जरिया मात्र होता है। उन्होंने इस संघर्ष की तुलना 1950 में तिब्बत पर चीन के कब्जे से करते हुए कहा कि जिस तरह माओ त्से तुंग ने आजादी के नाम पर तिब्बत पर नियंत्रण किया, उसी तरह आज अमेरिका और इजरायल तानाशाही से मुक्ति के नाम पर ईरान में अपने आर्थिक और राजनीतिक हितों को साध रहे हैं। लेख में विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों को इस युद्ध का जनक बताया गया है। सबसे कड़ा प्रहार भारत की विदेश नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किया गया है। शिवसेना (यूबीटी) का आरोप है कि इस वैश्विक संकट के दौरान भारत की कूटनीतिक उपस्थिति अत्यंत कमजोर और मौन रही है। लेख में तंज कसते हुए कहा गया कि जिस नेतृत्व को विश्व स्तर पर मजबूत बताया जाता है, वह इस संघर्ष को रोकने में विफल रहा है। फरवरी 2026 में प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा का उल्लेख करते हुए लेख में कहा गया कि उस यात्रा के बाद क्षेत्र में तनाव और अधिक बढ़ गया, लेकिन भारत की ओर से शांति की कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दी। लेख का निष्कर्ष यह है कि शक्तिशाली देश अपने स्वार्थ के लिए युद्ध का सहारा ले रहे हैं, लेकिन जिन्हें कमजोर समझा गया, वे उम्मीद से कहीं अधिक कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। लेख के अनुसार, पश्चिमी देशों का यह अनुमान गलत साबित हुआ कि ईरान को आसानी से घुटनों पर लाया जा सकता है। संजय राउत ने लिखा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की शहादत और कई सैन्य अधिकारियों के मारे जाने के बावजूद ईरान ने हार नहीं मानी है। इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर हुए मिसाइल हमलों और खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ईरान ने झुकने से साफ इनकार कर दिया है। लेख में गाजा पट्टी में हो रही नागरिकों और बच्चों की मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे मानवता के लिए एक बड़ा संकट करार दिया गया है।

# जंग के बीच भारत ने तेज किया नागरिकों का रेस्क्यू, 52 हजार स्वदेश लौटे, 100 उड़ानें रद्द

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट और युद्ध की बदलती परिस्थितियों के बीच भारत सरकार ने अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी दिशानिर्देशों और भारतीय मिशनों की सलाह का कड़ाई से पालन करें। भारत सरकार सहायता की जरूरत वाले हर नागरिक तक पहुंचने के लिए संबंधित देशों की सरकारों के साथ निरंतर समन्वय कर रही है। शनिवार देर रात जारी एक आधिकारिक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह क्षेत्र की उभरती स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा व कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्रालय ने जानकारी दी कि क्षेत्र के हवाई क्षेत्र के आंशिक रूप से खुलने के बाद अब तक 52,000 से अधिक भारतीय सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं।

पश्चिम एशिया में सुरक्षा की स्थिति फिलहाल अत्यंत अनिश्चित बनी हुई है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरानी ठिकानों पर की जा रही बमबारी और तेहरान की ओर से अमेरिकी व इजराइली ठिकानों पर किए जा रहे जवाबी हमलों ने पूरे क्षेत्र को युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। भारतीयों की सहायता के लिए वहां स्थित भारतीय दूतावासों ने 24 घंटे चालू रहने वाली हेल्पलाइन नंबर भी स्थापित किए हैं। इस भीषण संघर्ष का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात पर पड़ा है। शनिवार को दिल्ली और मुंबई के हवाई अड्डों पर कम से कम 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए। अधिकारियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मुंबई हवाई अड्डे से 35 प्रस्थान और 36 आगमन उड़ानें रद्द रहीं, जबकि दिल्ली हवाई अड्डे से 22 प्रस्थान और 17 आगमन उड़ानों को निरस्त करना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक डीआईएएल ने सोशल मीडिया के माध्यम से यात्रियों को सूचित किया है कि पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों में देरी या समय-सारणी में बड़े बदलाव हो सकते हैं। ज्ञात हो कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष ने वैश्विक नागरिक उड्डयन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सुरक्षा कारणों से पश्चिम एशिया के कई हवाई क्षेत्रों को बंद कर दिया गया है, जिसके चलते एयरलाइन कंपनियां या तो बहुत सीमित संख्या में उड़ानें संचालित कर रही हैं या लंबे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग कर रही हैं। भारत सरकार की प्राथमिकता अब युद्धग्रस्त क्षेत्रों में फंसे बाकी भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाले व्यवधानों को कम करने की है।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902